RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच


पेज 7 बेवजह जूम करते पपराजी...

वर्ष : 26 | अंक : 122 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 24 अप्रैल, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# 'विरासत टैक्स' पर सियासी भूचाल

## 'कांग्रेस की लूट' जिंदगी के साथ भी, जिदंगी के बाद भी : मोदी

**छत्तीसगढ़ (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने पीएम मोदी के संपत्ति के बंटवारे वाले बयान के बाद कुछ ऐसी मांग कर दी, जिसने भारत की राजनीति में हलचल मचा दी है। सैम के इस बयान पर प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'कांग्रेस की लूट' जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। कांग्रेस के इरादे ठीक नहीं हैं वह देशवासियों की संपत्ति को लूटना चाहती है। उसकी नजर देश के लोगों की गाढ़ी कमाई पर है।

पीएम मोदी आज छत्तीसगढ़ के सरगुजा में एक जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए विरासत टैक्स का जिक्र किया।

पीएम मोदी ने कहा कि शाही परिवार के शहजादे के सलाहकार ने कुछ समय पहले कहा था कि मिडिल क्लास पर और ज्यादा टैक्स लगाना चाहिए। अब ये लोग इससे भी एक कदम और आगे बढ़ गए हैं। अब कांग्रेस का कहना है कि वो Inheritance Ta& लगाएगी, माता-पिता से मिलने वाली (शेष पृष्ठ-3 पर)



### कांग्रेस की छुपी मंशा सामने आई : शाह



**कोच्चि, केरल (एजेंसी)।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा की टिप्पणी पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सैम पित्रोदा की टिप्पणी के बाद कांग्रेस पार्टी पूरी तरह बेनकाब हो गई है। सबसे पहले उनके घोषणापत्र में 'सर्वेक्षण का जिक्र, मनमोहन सिंह की बात पुराना बयान जो कांग्रेस की विरासत है - कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है, और अब सैम पित्रोदा की अमेरिका का हवाला देते हुए टिप्पणी कि धन के वितरण पर विचार-विमर्श होना चाहिए...अब जब पीएम मोदी ने यह मुद्दा उठाया, तो राहुल गांधी, सोनिया गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी इस बात पर बैकफुट पर है कि यह उनका मकसद कभी नहीं था, लेकिन आज सैम पित्रोदा के बयान ने देश के सामने कांग्रेस का मकसद स्पष्ट कर दिया है, वे देश के लोगों की निजी संपत्ति का सर्वेक्षण करना चाहते हैं। इसे सरकारी संपत्ति में रखें और यूपीए के शासनकाल के दौरान निर्णय के अनुसार वितरित करें। कांग्रेस को या तो इसे अपने घोषणापत्र से वापस लेना चाहिए या स्वीकार करना चाहिए कि यह वास्तव में उनका इरादा है... मैं चाहता हूं कि लोग सैम पित्रोदा के बयान को गंभीरता से लें। उनकी मंशा अब खुलकर सामने आ गई है, इसका संज्ञान लोगों को लेना चाहिए।

### कांग्रेस ने किया किनारा

कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा की तरफ से भारत में 'विरासत टैक्स' लगाए जाने की मांग वाले बयान से पार्टी ने ही पल्ला झाड़ लिया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बुधवार को कहा कि सैम पित्रोदा को खुलकर और आजादी से अपने विचार रखने का अधिकार है। लेकिन यह जरूरी नहीं कि पित्रोदा के विचार किसी मुद्दे पर कांग्रेस का पक्ष हों। कई बार वे नहीं होते।

### भारत में लागू होना चाहिए विरासत टैक्स : सैम



"सैम पित्रोदा ने कहा कि अमेरिका में विरासत कर (टैक्स) लगता है। अगर किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है और जब वह मर जाता है तो वह केवल 45 फीसदी अपने बच्चों को दे सकता है। 55 फीसदी सरकार द्वारा हड़प लिया जाता है। यह एक दिलचस्प नियम है। यह कहता है कि आपने अपनी पीढ़ी में संपत्ति बनाई और अब आप जा रहे हैं, आपको अपनी संपत्ति जनता के लिए छोड़नी चाहिए। हालांकि पूरी नहीं, आधी ही। ये जो निष्पक्ष कानून है मुझे अच्छा लगता है। उन्होंने आगे कहा कि हालांकि, भारत में आपके पास ऐसा नहीं है। अगर किसी की संपत्ति 10 अरब है और वह मर जाता है, तो उसके बच्चों को 10 अरब मिलते हैं और जनता को कुछ नहीं मिलता। इसलिए लोगों को इस तरह के मुद्दों पर बहस और चर्चा करनी होगी। मुझे नहीं पता कि आखिर में निष्कर्ष क्या निकलेगा, लेकिन जब हम धन के पुनर्वितरण की बात करते हैं, तो हम नई नीतियों और नए कार्यक्रमों के बारे में बात करते हैं, जो लोगों के हित में हैं न कि केवल अति-अमीरों के हित में। पित्रोदा ने कहा कि यह एक नीतिगत मुद्दा है। कांग्रेस पार्टी एक ऐसी नीति बनाएगी, जिसके माध्यम से धन का बांटना बेहतर होगा। हमारे पास (भारत में) न्यूनतम मजदूरी नहीं है। अगर देश में न्यूनतम मजदूरी हो और कहा जाए कि आपको गरीबों को इतना पैसा देना चाहिए, तो यह धन का बंटवारा है। आज, अमीर लोग अपने चपरासी और नौकर को पर्याप्त भुगतान नहीं करते हैं, लेकिन वे उस पैसे को दुबई और लंदन में छुट्टी पर खर्च करते हैं। हमारे पास अभी तक न्यूनतम मजदूरी का कोई कानून नहीं है।

## नोएडा, ग्रेटर नोएडा व गाजियाबाद में आज शाम से बंद हो जाएंगी शराब की दुकानें

**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद में 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। इसके चलते गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद निर्वाचन क्षेत्र में सभी शराब की दुकानें आज (24 अप्रैल) शाम 6 बजे से शुक्रवार (26 अप्रैल) शाम 6 बजे तक बंद रहेंगी। होटल, पब, रेस्टोरेंट व मॉल आदि में भी शराब नहीं परोसी जाएगी। नियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही होगी।

इस संबंध में अधिकारियों ने बताया कि गौतमबुद्धनगर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दादरी, जेवर, दनकौर, खुर्जा, सिकन्दराबाद में शराब की दुकानें बुधवार शाम से 48 घंटे की अवधि के लिए बंद रहेंगी। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि गौतमबुद्ध नगर में आदेश का अनुपालन सख्ती से सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि नियमों का पालन न करने वालों को दंड या जेल सहित कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। नियमों के अनुसार, चुनाव से 48 घंटे पहले शराब की दुकानें बंद हो जानी चाहिए। इसलिए, क्षेत्र में सभी अधिकृत शराब की दुकानें बुधवार (24 अप्रैल) शाम 6 बजे से शुक्रवार (26 अप्रैल) को मतदान समय समाप्त होने तक बंद रहेंगी।




### सरकारी और निजी नौकरी वाले कर्मचारियों की रहेगी छुट्टी

मतदान को बढ़ावा देने के लिए गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद में 26 अप्रैल को सभी सरकारी और प्राइवेट दफ्तर सहित स्कूल-कॉलेजों में अवकाश रहेगा। गौतमबुद्धनगर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और जिला मजिस्ट्रेट मनीष कुमार वर्मा ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 26 अप्रैल को एक दिन की सार्वजनिक छुट्टी की घोषणा की है।

### 6 बजे थम जाएगा चुनाव प्रचार

लोकसभा चुनाव प्रचार का शोर बुधवार शाम 6 बजे समाप्त हो जाएगा। जिला निर्वाचन विभाग के द्वारा प्रत्याशियों को प्रचार के लिए दी गई विभिन्न अनुमति भी शाम छह बजे समाप्त हो जाएगी। प्रत्याशी व पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर पैदल प्रचार कर सकते हैं।

## कपड़े की फैक्टरी में देर रात लगी भीषण आग



**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** गाजियाबाद के मोदीनगर में देर रात एक कपड़ा बनाने वाली फैक्टरी में आग लग गई। सूचना पर दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची और कंपनी में फंसे चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। दमकल विभाग की गाड़ियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया नहीं तो एक बड़ी घटना हो सकती थी।

फ़ायर स्टेशन मोदीनगर को रात 3.00 बजे कपड़ा बनाये जाने वाली हॉली स्टार एक्सपोर्ट प्राईवेट लिमिटेड प्लॉट नम्बर-112 इण्ड० एरिया सिखेड़ा रोड मोदीनगर में आग की सूचना मिली। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## 26 अप्रैल को घरों से निकालकर वोट जरूर डालें : लक्ष्मी सिंह



**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने जनपद वासियों से 26 अप्रैल को मतदान करने की अपील की है। उन्होंने अपनी अपील में कहा है कि नोएडा पुलिस आपकी सुरक्षा में सदैव तत्पर है। देश की रक्षा व देश के विकास के नाम पर जनपद के सभी मतदाताओं को अपने वोट का इस्तेमाल करना चाहिए।

गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने सोशल मीडिया साइट एक्स... पर जनपदवासियों से 26 अप्रैल को मतदान करने की अपील की है। अपील में उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल को जनपद में वोट डाले जाएंगे। लोकतंत्र के इस पर्व में हिस्सा बनने के लिए जनपद के प्रत्येक निवासी को अपने घरों से बाहर निकलकर वोट डालना चाहिए। यदि हम देश के भविष्य के लिए चिंतित हैं उसके बारे में अच्छा सोचते हैं तथा अपनी अगली पीढ़ी के बारे में अच्छा करना चाहते हैं तो इसके लिए हमें वोट जरुर डालना चाहिए। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## लखनऊ मेडिकल कॉलेज में महिला स्टाफ ने लगाई फांसी

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां मेडिकल कॉलेज में काम करने वाली महिला ने ड्यूटी के दौरान फांसी लगा ली। जब कॉलेज के स्टाफ ने देखा तो हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पुलिस की दो गई. सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, यह घटना थाना चौक अंतर्गत मेडिकल कॉलेज के गांधी वार्ड प्राइवेट रूम नंबर एक की है। यहां काम करने वाली महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मेडिकल कॉलेज स्टाफ ने जब रूम में महिला की डेड बॉडी लटकी देखी तो हड़कंप मच गया। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लिया।

## एक प्रत्याशी जो वोट की बजाय मांग रहा है नोट, मजेदार प्रत्याशी

**नोएडा (चेतना मंच)।** लोकसभा चुनाव में तरह-तरह के रंग देखने को मिल रहे हैं। नोएडा सीट (गौतमबुद्धनगर) से चुनाव लड़ रहे एक प्रत्याशी ने तो हद की कर दी है। नोएडा सीट से चुनाव लड़ रहा यह प्रत्याशी नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के नागरिकों से वोट मांगने की बजाय केवल नोट मांग रहा है। नोएडा के नागरिकों से नोट यानि धन मांगने के लिए इस प्रत्याशी ने बाकायदा क्यूआर कोड जारी करके नोट मांगने का अभियान चला रखा है। नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा में सक्रिय व्हाटसअप ग्रुपों में संदेश जारी करके नोट मांगे जा रहे हैं।

आपको बता दें कि नोएडा सीट से कुल 15 प्रत्याशी लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। इन्हीं प्रत्याशियों में एक प्रत्याशी ऐसा भी है जो नोएडा क्षेत्र की जनता से वोट की बजाय नोट (आर्थिक मदद) मांग रहा है। नोएडा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डा. महेश शर्मा चुनाव मैदान में है। डा. महेश शर्मा लगातार तीसरी बार सांसद बनने के लिए चुनाव के मैदान में हैं। उनका तीसरी बार सांसद बनना लगभग तय माना जा रहा है। डा. महेश शर्मा के मुकाबले के लिए सपा तथा कांग्रेस के गठबंधन से डा. महेन्द्र नागर तथा बसपा से पूर्व विधायक राजेन्द्र सोलंकी चुनाव मैदान में हैं। इन तीन मुख्य प्रत्याशियों के (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सर्वाधिक मतदान के लिए जिला प्रशासन ने कसी कमर

### 200 स्कूल प्रधानाचार्यों से वार्ता कर दिए निर्देश

**नोएडा (चेतना मंच)।** इस बार सर्वाधिक मतदान के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के करीब 200 स्कूलों के प्रधानाचार्यों के साथ जूम ऐप के जरिए वार्ता कर अधिक से अधिक मतदान की अपील की है।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जनपद के सी0बी0एस0ई0/ आई0सी0एस0ई0/ आई0बी0/ यू0पी0 बोर्ड सहित 200 से अधिक विद्यालयों, जिसमें डी0पी0एस0 नोएडा, ऐमिटी इण्टरनेशनल स्कूल नोएडा, राजकीय इण्टर कॉलेज नोएडा, स्टेप बाई स्टेप नोएडा, जी0डी0 गोयनका इण्टरनेशनल स्कूल नोएडा एक्सटेंशन, पेसिफिक वर्ल्ड स्कूल नोएडा, उत्तराखण्ड पब्लिक स्कूल नोएडा, हेरिटेज स्कूल नोएडा, मॉर्डन स्कूल ग्रेटर नोएडा, डी0पी0एस0 ग्रेटर नोएडा एवं जीसस एण्ड मेरी स्कूल के प्रधानाचार्यो ने इस जूम एप वार्ता में प्रतिभाग किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि स्कूल प्रधानाचार्य/शिक्षक/कर्मचारीगण अधिक से अधिक वोटर्स को मतदान हेतु प्रेरित करें तथा छात्रों के माध्यम से उनके अभिभावकों (शेष पृष्ठ-3 पर)

## 35 मॉडल बूथों को बनाने में जुटा प्राधिकरण

**नोएडा।** 26 अप्रैल को जनपद में होने वाले मतदान के लिए नोएडा प्राधिकरण ने सभी 210 भी बूथों का निर्माण शुरू कर दिया है। वैसे तो सभी बूथों की जिम्मेदारी प्राधिकरण ने ली है, लेकिन 35 मॉडल बूथों को बनाने की विशेष जिम्मेदारी प्राधिकरण को सौंपी है।

प्राधिकरण के अधिकारियों की मानें तो नोएडा में 35 मॉडल बूथ बनाये जा रहे हैं। जिनमें सेक्टर-22 चौड़ा सादतपुर के गांधी स्मारक इंटर कॉलेज के 8 बूथ, गांधी स्मारक जूनियर हाईस्कूल का 1 बूथ, समरविले पब्लिक स्कूल सेक्टर-22 के 2 बूथ, सिटी पब्लिक स्कूल सेक्टर-51 के 7 बूथ, विश्व भारती पब्लिक स्कूल सेक्टर-28 के 5 बूथ, आर्मी पब्लिक स्कूल सेक्टर-37 में 6 बूथ, पाथवे स्कूल सेक्टर-100 का 1 बूथ, रामकृष्ण परमहंस स्कूल सर्फाबाद सेक्टर-72 के दो बूथ शामिल हैं। इन बूथों पर समुचित लाइट, विकलांग एवं वृद्धों के लिए रैम्प, शौचालय, छाया, दिशा-निर्देश साइन बोर्ड तथा साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था हेतु नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल-1-10 के प्रभारियों को इन मॉडल बूथ बनाने की जिम्मेदारी दी गयी है। बता दें कि नोएडा प्राधिकरण के क्षेत्र में कुल 310 बूथ बनाये जा रहे हैं।

## 100 मीटर के दायरे में मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध : मनीष वर्मा

### 200 मीटर दूर होंगे चुनावी बस्ते, वाहनों का प्रवेश पर रहेगा निषेध

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र,पारदर्शी तरीके से संपन्न करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान से 72 घंटे पूर्व की गतिविधियों हेतु दिशा निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों के तहत कोई भी प्रत्याशी 72 घंटे के अंदर बल्क एसएमएस द्वारा प्रचार प्रसार नहीं करेगा तथा कोई भी प्रत्याशी अपने प्रचार प्रसार में जाति धर्म या धार्मिक स्थलों का उपयोग नहीं करेगा।

उन्होंने यह भी बताया कि कोई भी राजनीतिक व्यक्ति जिसका वोट गौतम बुद्ध नगर लोकसभा संसदीय क्षेत्र में नहीं है उसको मतदान से 48 घंटे पूर्व से लोकसभा क्षेत्र में रहने की अनुमति नहीं होगी ।




जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्याशी,कार्यकर्ता एवं एजेन्ट को एक-एक गाड़ी ही अनुमन्य होगी। उन्होंने कहा कि एक गाड़ी में ड्राइवर सहित पांच व्यक्तियों के चलने की ही अनुमति प्रदान की जाएगी, गाडियों की विंड स्क्रीन पर निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी वाहन पास लगाना अनिवार्य है। इन गाड़ियों से मतदाताओं को लाने ले जाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बताया कि अनुमति प्राप्त वाहनों के अलावा कोई भी वाहन पोलिंग बूथ के 200 मी. के दायरे में प्रवेश नहीं करेगा। वॉटर टैंक, एंबुलेंस, खाद्य सामग्री तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं के लाने ले जाने वाले वाहनों पर रोक नहीं लगेगी। सभी सार्वजनिक वाहन अपने-अपने फिक्स रूट पर ही चलेंगे।

एमसीसी प्रभारी नितिन मदान ने बताया कि कि पोलिंग सेंटर के 100 मीटर के दायरे में अधिकारियों एवं अनुमति प्राप्त व्यक्तियों के अलावा कोई भी व्यक्ति अपना मोबाइल नहीं ले जाएगा।पोलिंग पार्टियों के बस्ते सामान्य हो उस पर किसी भी (शेष पृष्ठ-3 पर)

# भाजपा प्रत्याशी के पक्ष जनसभा आयोजित

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** तिलपता गोल चक्कर अंसल हाउसिंग सोसाइटी पर भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा के पक्ष में जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली प्रदेश से सांसद रमेश बिधुड़ी ने की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रत्याशी सांसद डॉक्टर महेश शर्मा रहे। कार्यक्रम के संयोजक बलराज भाटी रहे।

जनसभा में 50 से अधिक गाँवों के लोगों ने डॉक्टर महेश शर्मा को पूर्ण समर्थन कर भारी मतों से ऐतिहासिक विजयी बनाने का संकल्प लिया। जनसभा में भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा ने सभी लोगों का आभार वियक्त करते हुए कहा कि में सभी बिरादरियों का सदा आभारी ऋृणी रहूंगा और में पूरे मन से क्षेत्र के लोगों की सेवा करूँगा और उन्होंने जनता से मतदान प्रतिशत बढ़ा कर मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने के लिये कमल के फूल का बटन दबाकर अपनी जीत का आशीर्वाद माँगा।

इस अवसर पर दिल्ली सांसद रमेश बिधुड़ी ने कहा अबकी बार 400 पार के लिये यहाँ के लोकप्रिय सांसद प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा को ऐतिहासिक वोटों से जीत दिलाने के लिये 26 अप्रैल को अपने अपने बूथों पर भाजपा कमल निशान का बटन दवे उसके लिये जुट जाये।



इस अवसर पर मुख्यरूप से प्रभारी गौतमबुद्धनगर,प्रमोद गुप्ता,जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी दादरी विधायक तेजपाल नागर एमएलसी श्रीचंद शर्मा एमएलसी नरेन्द्र भाटी पूर्व मंत्री हरिश्चंद्र भाटी,पूर्व विधायक सतवीर गुर्जर, वरिष्ठ नेता बृजपाल राठी,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेन्द्र डाढा, विधायक पुत्र दीपक नागर, मनोज चौधरी, धनंजय भाटी,सांसद प्रतिनिधि बलराज भाटी, जिला पंचायत सदस्य देवा भाटी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगेंद्र भाटी, रामदेव रावल, समरपाल सिंह चौहान, प्रधानाचार्य वेदपाल, दादरी नगरपालिका अध्यक्ष गीता पंडित, जनार्दन भाटी, अमरीश भाटी, सतपाल नागर, यशवीर नागर, हातम प्रधान, कर्मवीर आर्य, विजय गौतम, सुन्दर भाटी, रविंद्र भाटी, प्रवीण नागर, राजेन्द्र भूड़ा, हरजीत सिंह, धर्मेन्द्र कोरी, अजय निगम, पंकज रावल आदि सैकड़ों लोगों ने जनसभा में पहुँचकर भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा को जनसमर्थन दिया।

# फिर बनेगी भाजपा की सरकार : बिंद

**भदोही (चेतना मंच)।** लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर विनोद बिन्द ज्ञानपुर विधानसभा में तूफानी दौरा करते हुए लगभग 35 गांवों में जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने काम किया है आने वाले समय में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार अवश्य बनेगी और भदोही से कमल खिलाकर इतिहास रचा जाएगा। कोनीया कटरा छिछुआ भूर्रा धन तुलसी नारेपार अन्यत्र कई गांव जनसंपर्क किया।



विधायक बीपूल दुबे ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार चुनाव जीतने के बाद जो काम बचा है। उसे अवश्य पूरा करेंगी अपने संकल्प पत्र में कुछ ऐसे बिंदु अंकित किया है। जिसका जिक्र अभी तो मै नहीं कर सकता लेकिन आने वाले समय में वक्त बताएगा विकास की धारा बहेगी। जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा भारतीय जनता पार्टी भदोही से यहां की जनता एक बड़े पैमाने से ढाई लाख मतों से प्रत्याशी विनोद बिन्द को जीताने का काम कर रही है और इतिहास अवश्य कायम होगा। लगातार भारतीय जनता पार्टी 2014 के बाद सरकार में बनी है। इसके पहले लगभग 70 साल पहले कांग्रेस ने देश को अपाहिज बना दिया था यहां की जनता जनमानस को किसी भी प्रकार का लाभ नहीं दिया गया। उनका शोषण किया गया ऐसे तमाम विषय पर जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने प्रकाश डाला उपस्थित मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र पांडेय वीरू शुक्ला सचान दुबे गोवर्धन राय मनीष पांडेय शिवम आकाश मृत्युंजय आदि लोग मौजूद रहे।



भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा कल ग्रेटर नोएडा में आयोजित कर कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए साथ में है लोक सभा संयोजक प्रणीत भाटी



भारतीय किसान यूनियन बलराज संगठन के बैनर तले अनिश्चित कालीन धरना सेक्टर 142 नोएडा शहदरा गांव में 71वें दिन भी जारी रहा।

# श्रीराम कथा में जुट रही भीड़



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-81 स्थित शिव मंदिर पर चल रहे 21 कुंडी महायज्ञ एवं श्री राम कथा में हर रोज सैकड़ो की संख्या में लोग जुट रहे हैं। बताते चलें कि सेक्टर 81 इसके सलारपुर गांव के शिव मंदिर पर गट 18 अप्रैल से श्री राम कथा एवं 21 कुंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमें दूर-दूर से प्रखंड विद्वान जाकर श्री राम कथा का आयोजन कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में किसान नेता सुभाष भाटी अशोक भाटी सहित भारी संख्या में लोग पहुंचकर कार्यक्रम को की सफलता को लेकर बैठक कर रहे हैं।

# रैली निकालकर मतदान के प्रति किया जागरूक

**नोएडा (चेतना मंच)।** सदरपुर कॉलोनी स्थित आदर्श ज्ञान वाटिका स्कूल ने 26 अप्रैल को होने वाले मतदान दिवस के अवसर पर मतदाता जागरूकता अभियान के लिए एक रैली निकाली। जिसमें विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती रेखा चौहान, विद्यालय के प्रबंधक प्रदीप कुमार तथा विद्यालय के शिक्षक नूतन चौहान, नीरज तिवारी, स्वर्णली मुखर्जी, बॉबी कुमारी, प्रीति चौहान, सोनिया सिंह, राकेश, योगेंद्र, अवनीश कुमार और विद्यालय के 300 छात्रों ने भागीदारी की।

सभी बच्चों ने गांव छलेरा तथा सदरपुर कॉलोनी में सभी को मतदान दिवस के दिन अवश्य डालने के लिए आग्रह किया। साथ यह संदेश भी दिया गया कि यह एक महापर्व है जिसमें हम सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना है।



## पृष्ठ एक के शेष....

**'विरासत टैक्स' पर...**

विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, जब तक आप जीवित रहेंगे, तब तक कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी और जब जीवित नहीं रहेंगे, तब आप पर Inheritance Ta का बोझ लाद देगी। पूरी कांग्रेस पार्टी को अपनी पैतृक संपत्ति मानकर जिन लोगों ने अपने बच्चों को दे दी, अब वो नहीं चाहते कि भारतीय अपनी संपत्ति अपने बच्चों को दें।

वहीं, पीएम मोदी ने कहा कि जब मैं विकसित भारत कहता हूं, तो कांग्रेस वालों का और दुनिया में बैठी कुछ ताकतों का माथा गरम हो जाता है। अगर भारत शक्तिशाली हो गया, तो कुछ ताकतों का खेल बिगड़ जाएगा। अगर भारत आत्मनिर्भर बन गया, तो कुछ ताकतों की दुकान बंद हो जाएगी। इसलिए वो भारत में कांग्रेस और इंडी गठबंधन की कमजोर सरकार चाहते हैं।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि अब कांग्रेस का कहना है कि वो माता-पिता से मिलने वाली संपत्ति पर टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी संपत्ति बनाते हैं वो आपके बच्चे को नहीं मिलेगी। उसे कांग्रेस का पंजा आपसे छीन लेगा। पीएम ने कहा कि कांग्रेस का कहना है कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू.पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in

www.chetnamanch.com

**100 मीटर के दायरे...**

प्रत्याशी से संबंधित प्रचार सामग्री चस्पा न हो तथा पोलिंग स्टेशन से 100 मीटर के दायरे में वितरण की जाने वाली मतदाता पर्ची सादे कागज पर हो,पर्ची पर किसी भी प्रत्याशी का नाम अथवा चुनाव चिन्ह नहीं होना चाहिए। पोलिंग स्टेशन के 100 मीटर के अन्दर कोई भी इक्विपमेंट ले जाने,लाउड स्पीकर लगाने तथा पोस्टर बैनर लगाने की अनुमति नहीं होगी। जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति के साथ पैक आर्म के साथ एक सुरक्षा कर्मी की अनुमति दी जाएगी।

**सर्वाधिक मतदान...**

को इस आशय की शपथ/संकल्प कराया जाये कि वह अपने माता-पिता परिवार तथा आस-पड़ोस के सभी सदस्यों को वोट डालने हेतु प्रेरित करें।

जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सभी प्रधानाचार्यो से, विद्यालय में कार्यरत शिक्षक/ कर्मचारी व अध्यनरत छात्रों के माध्यम से वोटर्स को प्रेरित कर अधिक से अधिक मतदान कराये जाने की अपील की गयी। बैठक में उपस्थित सभी प्रधानाचार्यो द्वारा आगामी 2 दिनों में वोटर्स को जागरूक करने के लिए एक अभियान चलाने का संकल्प लिया गया। उनके द्वारा विद्यालय में बनाये गये बूथ का विद्यालय प्रशासन द्वारा सजाने के निर्देष दिये गये, जिससे मतदाता मतदान के समय अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर सकें।

**26 अप्रैल को घरों...**

उन्होंने कहा कि नोएडा पुलिस, जिला प्रशासन ने जनपद में बने सभी बूतों पर व्यापक इंतजाम किए हैं।

मतदाताओं की सुरक्षा के लिए पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद है। सुरक्षित माहौल व परिवेश में मतदान कराने के लिए नोएडा पुलिस पूरी तरह से कटिबंध है। उन्होंने जनपद वासियों से अपील की कि वह अपने वोट को अपना सबसे बड़ा अधिकार मानते हुए आगामी 26 अप्रैल को वोट करने जरूर डालें।

**कपड़े की फैक्टरी...**

सूचना मिलते ही फायर स्टेशन मोदीनगर से अग्निशमन द्वितीय अधिकारी सहित 2 फायर टैंकर घटनास्थल के लिए रवाना हुए। आग कंपनी के तीनों फ्लोर पर फैली हुई थी जिससे आग की लपटे और काला धुआँ बहुत तेज था, आग बहुत तेजी से फैल रही थी फ़ायर यूनिट ने शीघ्रता से होज लाइन फैलाकर फ़ायर फ़ाइटिंग करना शुरू कर दिया, तुरन्त मौके की नजाकत को देखते हुए मुख्य अग्निशमन अधिकारी के द्वारा फायर स्टेशन कोतवाली से 02 फायर टैंकर घटनास्थल पर बुलाए गये दमकल विभाग के कर्मचारियों ने ब्लैडर लगाकर कंपनी में फंसे हेमन्त कुमार पुत्र श्री शैलेंद्र सिंह निवासी- बिहार, सूरज पुत्र रमेश निवासी-उन्नाव, सुरेन्द्र पुत्र रामनारायण निवासी-उन्नाव, उपेन्द्र पुत्र ऋषिपाल सिंह निवासी-अलीगढ़ को सकुशल बाहर निकाला। आग के कारण फैक्टरी में लाखों रूपये का नुकसान हुआ है।

**एक प्रत्याशी जो...**

अलावा नेशनल पार्टी से किशोर सिंह, भारतीय राष्ट्रीय जनसत्ता पार्टी से नरेश नौटियाल, सुभाष पार्टी से नारावेदश्वर, वीरो के वीर इंडिया पार्टी से भीम प्रकाश जिज्ञासु, अखिल भारतीय परिवार पार्टी से मनीष कुमार द्विवेदी, सुपर पॉवर इंडियन पार्टी से रण सिंह हुडी, जय हिंद नेशनल पार्टी से राजीव मिश्रा, लोकतांत्रिक जनशक्ति पार्टी से कुमारी शालू, इसी प्रकार पराग कौशिक, महकार सिंह, मौ. मुमताज आलम तथा शिवम आशुतोष निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। नोएडा की सीट पर वीरो के वीर नामक पार्टी से भीम प्रकाश जिज्ञासु भी चुनाव के मैदान में हैं। श्री जिज्ञासु वोट मांगने की बजाय नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा की जनता से नोट मांग रहे हैं। यह प्रत्याशी व्हाटसप ग्रुप पर प्रचार कर रहा है। प्रचार के दौरान एक क्यूआर कोड देकर लोगों से आर्थिक सहयोग मांगा जा रहा है। इस प्रकार नोएडा सीट पर चुनाव के नाम पर नोट मांगना चर्चा का विषय बना हुआ है।

# स्वदेशी जागरण मंच ने मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** कल्याण कुंज के सनातन धर्म मंदिर पर स्वदेशी जागरण मंच द्वारा हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसका आयोजन श्रीमती अर्चना मिश्रा द्वारा किया गया।

संचालन श्रीमती मनोज शर्मा द्वारा किया गया जो स्वदेशी जागरण मंच की सहसंयोजक भी है। वहां पर उपस्थित रेखा चौहान, सीमा पटेल, पूर्णिमा सिंह, काजल, आरती, प्रज्ञा आदि बहुत सारे भक्तगण उपस्थित रहे।

श्रीमती मनोज शर्मा ने बताया कि सभी को अपने त्योहारों को धूमधाम से मनाना चाहिए। हनुमान जी की पूजा से ही राष्ट्र का उद्धार होगा। इसलिए उनकी प्रासंगिकता कलयुग में बढ़ रही है।







मंगलवार को गुवाहाटी में हनुमान जयंती समारोह के अवसर पर असम के मुख्यमंत्री की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा।

# चुनाव से पहले कश्मीर में युवाओं को किया जा रहा गिरफ्तारः महबूबा

● श्रीनगर, एजेंसी।



**पीपुल्स** डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव से पहले दक्षिण कश्मीर से युवाओं को गिरफ्तार किया जा रहा है।

पीडीपी अध्यक्ष अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट से नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार मियां अल्ताफ, डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के मोहम्मद सलीम और अपनी पार्टी के जफर मन्हास के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। महबूबा ने दक्षिण कश्मीर में मीडियाकर्मियों से कहा कि मेरे जानकारी में आया है कि अनंतनाग, बिजबेहरा, पुलवाम और शोपियां के युवाओं को संसद चुनाव से पहले गिरफ्तार किया जा रहा है।'' जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पीडीपी अकेली पार्टी है जो युवाओं के मुद्दे संसद में उठाएगी। महबूबा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर आज किन चुनौतियों और मुद्दों का सामना कर रहा है और उन्हें संसद में कौन उठाएगा। लोग धीरे-धीरे समझ रहे हैं कि पीडीपी ने पिछले पांच वर्षों के दौरान लोगों के कठिन मुद्दों को उठाया है और आने वाले समय में वह इन मुद्दों को संसद में भी रखेगी। उन्होंने कहा कि संसद में नेशनल कॉन्फ्रेंस के तीन सदस्य थे और पिछले पांच वर्षों के दौरान उन्होंने कभी खड़े होकर कश्मीर के लोगों के मुद्दों को नहीं उठाया। महबूबा ने कहा कि अगर किसी ने ऐसा किया, तो वह पीडीपी की महबूबा मुफ्ती थीं, जिन्होंने संसद के बाहर बात की और जम्मू-कश्मीर के लोगों के मुद्दों को उठाया। उन्होंने दावा किया कि लोगों को अब लगता है कि केवल पीडीपी ही जम्मू-कश्मीर के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा कर सकती है।



मंगलवार को झारखंड के खूंटी में एक चुनाव प्रचार रैली में भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा के साथ राजनाथ सिंह।

# आरक्षण खत्म नहीं होगाः मोदी

## कहा–कांग्रेस की सोच तुष्टिकरण व वोट बैंक की राजनीति करने की रही

● टोंक, एजेंसी।

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर उसकी सोच हमेशा तुष्टिकरण एवं वोट बैंक की राजनीति करने एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आरक्षण में कमी कर मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को खुले मंच से गारंटी दी है कि दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण न कभी खत्म होगा और नही ही धर्म के नाम पर इसे बांटने दिया जायेगा।

मोदी टोंक जिले के उनियारा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनपुरिया के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच हमेशा तुष्टिकरण एवं वोट बैंक की राजनीति करने की रही है और वर्ष 2004 में केन्द्र में जब उसकी सरकार बनी तब उसका सबसे पहले काम आंध्रप्रदेश में अनुसूचित एवं अनूसूचित जनजाति के आरक्षण में कमी करने का प्रयास था। यह उनका एक पायलट प्रोजेक्ट था जिसे पूरे देश में आजमाना चाह रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 से 2010 के बीच आंधप्रदेश में चार बार मुस्लिम आरक्षण लागू करने की कोशिश की गई लेकिन उच्चत्तम न्यायालय की जागरुकता के कारण इनके मंसूबे पूरे नहीं हो पाये। वर्ष 2011 में इसे पूरे देश में लागू करने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि दलितों, पिछड़ों एवं आदिवासियों



से आरक्षण छीनकर वोट बैंक की राजनीत के लिए इसे ओरों को देने का प्रयास किए गये जो संविधान की मूल भावना के खिलाफ था। उन्होंने कहा कि जब कनार्टक में भाजपा की सरकार आई और हमे काम करने का मौका मिला तो पहला काम किया गया कि एस-एसटी से छीनकर कर जो आरक्षण कोटा निकाला गया था उसे खत्म कर दिया गया और जिसका हक था उसे सुरक्षित रखा गया। इससे देश में कांग्रेस के लोग आग बबूला हो गए और कहा गया कि मोदी समझता क्या अपने आप को। श्री मोदी ने कहा कि मोदी संविधान को समझता हैं, वह उसकी पूजा करने वाला व्यक्ति है। मोदी ने कहा कि सच्चाई यह है कि कांग्रेस और उसका गठबंधन जब सत्ता में थे तो ये लोग दलितों एवं पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी करके वोट बैंक की राजनीति के लिए उनकी खास जमात को अलग से आरक्षण देना चाहते थे जबकि संविधान इसके बिल्कुल खिलाफ है। आरक्षण जो बाबा साहेब ने दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को दिया था उसे कांग्रेस और उसके गठबंधन ने उसे मजहब के आधार पर मुसलमानों को देना चाहते थे। उन्होंने कांग्रेस से सवाल करते हुए कहा कि क्या वह ऐलान करेगी कि संविधान में जो दलितों, पिछड़ों एवं आदिवासियों को आरक्षण दिया गया है उसे कम करके मुसलमानों को नहीं देंगे।

# कांग्रेस का मेनिफेस्टो सभी वर्गों के लिएः पी. चिदंबरम

## कहा- कांग्रेस के घोषणा पत्र से भाजपा को हो रही है दिक्कत

● शिमला, एजेंसी।

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने भारतीय जनता पार्टी पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र सभी वर्गों के लिए है जबकि भाजपा का सिर्फ मोदी की गारंटी है।

चिदंबरम ने कहा कि भाजपा कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर लगातार निशाना साध रही है। भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस ने एक वर्ग विशेष को खुश करने का प्रयास किया है। निजी दौरे पर शिमला पहुंचे चिदंबरम ने कहा कि देश में सामाजिक और आर्थिक असमानता है। एससी और एसटी वर्ग के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी वर्गों में लोग गरीब हैं। उन्होंने कहा कि घोषणा पत्र में हमने कहा है कि हम सभी वर्गों के लोगों के साथ न्याय करेंगे। कांग्रेस पार्टी ने देश के दूरदराज क्षेत्रों के लोगों का जिक्र किया है। कांग्रेस के घोषणा पत्र से भाजपा को दिक्कत हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र का शीर्षक मोदी की गारंटी है। मोदी की गारंटी घोषणा पत्र नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को पहले कांग्रेस का घोषणा पत्र पढ़ना चाहिए उसके बाद



कुछ कहना चाहिए। वहीं इलेक्टोरल बॉन्ड के सवाल पर चिदंबरम ने कहा कि बीजेपी ने 8500 करोड़ का इलेक्टोरल बॉन्ड लिया है। कोई भी दूसरा दल प्रचार और होर्डिंग के मामले में भाजपा की बराबरी नहीं कर सकता। कांग्रेस पार्टी के अकाउंट फ्रीज कर दिए हैं। देश के लोग ही चुनाव में कांग्रेस पार्टी का सहयोग करेंगे। वहीं भाजपा के 400 पार के नारे के सवाल के जवाब में चिदंबरम ने कहा कि तमिलनाडु में 25 सीट और केरल में 20 सीट पर लड़ रही है। इन सभी सीटों पर भाजपा हारेगी।

## पुल से टकराकर जहाज डूबा, चार लापता

**बीजिंग:** चीन के दक्षिणी प्रांत गुआंग्डोंग के फोशान शहर में एक जहाज के पुल से टकराकर डूब जाने से चार लोग लापता हो गये। स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि दुर्घटना नदी में बाढ़ के प्रभाव के कारण जहाज के गलत संचालन की वजह से होने की आशंका है। जहाज में 4,900 टन से अधिक स्टील लदा हुआ था और यह सोमवार रात फूज़ौ, फुजियान प्रांत से गुआंग्डोंग के हेशान शहर की ओर जा रहा था। उसी दौरान, रात करीब 09:20 बजे जिउजियांग ब्रिज के एक खंभे से टकराकर फंस गया और बाद में लगभग 11:40 बजे डूब गया। इस पर 11 सदस्यीय चालक दल सवार था। शहर के आपातकालीन प्रबंधन विभाग के अनुसार, चालक दल के सात सदस्यों को बचा लिया गया, जबकि अन्य चार लापता हैं।

## वीआईपी कल्चर को खत्म करेंगे : मोहन

**नई दिल्ली:** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि राज्य में वीआईपी संस्कृति को नहीं चलने देंगे और सबके साथ एक जैसा व्यवहार किया जाएगा। यादव ने एक न्यूज़ चैनल से बात करते हुए कहा ₹हम सभी एक सामान्य व्यक्ति है। मेरा ड्राईवर भी एक इंसान है, मेरा प्यून भी एक इंसान है और मैं भी एक इंसान ही हूं इसलिए हमें इन लोगों के प्रति संवेदनशील होना जरूरी है। मध्य प्रदेश में लोकसभा सीटों पर जीत की संभावनाओं को लेकर उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा बहुत अच्छी स्थिति में है और यहां तक कि छिंदवाड़ा से भी भाजपा ही जीतेगी। उन्होंने दावा किया कि केंद्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बन रही है। भाजपा किसानों के लिए खेती के अलावा कुछ अन्य क्षेत्रों में भी काम कर रही है ताकि किसानों की आय में बढ़ोतरी की जा सके।

## कांग्रेस की गारंटियां झूठ का पुलिंदा : कशयप

**नाहन/सोलन:** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कशयप ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी की विधान सभा चुनावों में दी गयीं 10 गारंटियां झूठ का पुलिंदा साबित हो रही है। कशयप ने मंगलवार को नहान विधानसभा क्षेत्र के दूसरे दिन के दौरे के दौरान यह आरोप लगाया। उनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल विशेष रूप से उपस्थित रहें। कशयप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तय किए देश में भाजपा 400 पार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हम हिमाचल प्रदेश की जनता से सहयोग मांगते हैं और भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील करते हैं ।उन्होंने कहा कि मौजूदा प्रदेश सरकार जो कि सुखविंदर सिह सुक्खू के नेतृत्व में चल रही है आज प्रदेश में दुख फैलाने वाली सरकार बन बैठी है। जब से कांग्रेस पार्टी सत्ता में आई हैं केवल मात्र जनता के ऊपर महंगाई का बोझ डालने का कार्य कर रही है।



मंगलवार को गुवाहाटी में एक मंदिर में हनुमान जयंती के अवसर पर अनुष्ठान करने के लिए कतार में खड़े भक्त।

# बंगाल होगा हिंसा से मुक्तः अमित शाह

## कहा-पड़ोसी मुल्क से बंगाल में लगातार हो रही है घुसपैठ

● रायगंज/मालदा, एजेंसी।

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि पड़ोसी मुल्क के घुसपैठिए बेरोकटोक पश्चिम बंगाल में आ रहे हैं और यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में आयी, तो वह बांग्लादेश से होने वाले घुसपैठ रोक लगा देगी।

शाह ने राज्य के मतदाताओं से 30 से 35 सीटें सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा कि मैंने आपको आश्वासन दिया है कि आप इस बार जब भाजपा उम्मीदवारों को वोट देंगे और 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए तीसरा कार्यकाल सुनिश्चित करेंगे, तो उत्तर बंगाल में एक एआईएमएस स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि



पिछले 10 वर्षों में श्री मोदी ने गरीबों के लिए काम किया और केंद्र सरकार लगभग 80 करोड़ लोगों के लिए राशन वितरण कर रही है, 12 करोड़ शौचालय स्थापित किए हैं, चार करोड़ से अधिक पीएम आवास योजना बनाई है,10 करोड़ उजाला गैस वितरित की है और देश भर में 14 से अधिक घर तक पीने योग्य पानी पहुंचाया है। शाह ने बंगाल को हिंसा से मुक्त सुनिश्चित करने का वादा करते हुए कहा कि हमें एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य देश में एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां पंचायत चुनाव 2023 में लगभग 200 लोगों की हत्या कर दी गई ।

# खास खबर

## सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' में काम करेगी कियारा आडवाणी



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी, दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म 'सिकंदर ' में काम करती नजर आ सकती है। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन–थ्रिलर फिल्म 'सिकंदर' अनाउंस की थी। कहा जा रहा है कि सलमान खान एक्शन–थ्रिलर फिल्म 'सिकंदर' का पहला शेड्यूल मई में शुरू करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन मुरुगादॉस करेंगे। चर्चा है कि सलमान खान की फिल्म सिकंदर में कियारा आडवाणी नजर आ सकती हैं। सिकंदर के एलान के कुछ दिनों बाद ही उन्हें साजिद नाडियाडवाला के ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं, कि सिकंदर में कियारा आडवाणी की एंट्री हो गई है। सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का प्रोडक्शन साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं।'सिकंदर' अगले साल ईद 2025 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## गोविंद सागर झील में फंसा बारहसिंगा दो दिन बाद किया रेस्क्यू

**बिलासपुर:** हिमाचल प्रदेश में बिलासपुर जिले में गोविंद सागर झील में बारहसिगा फंसा गया था। जिसे किरतपुर–नेरचौक फोरलेन पर स्थित तुन्नू क्षेत्र में गोविंद सागर झील में दो दिन से फंसा बारहसिगा को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है। दो दिन से गोबिंद सागर झील की दलदल में फंसे इस बारहसिंगा को अग्निशमन विभाग सहित वन विभाग व स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित निकाला गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दो दिन से यह बारहसिंगा दलदल में फंसा हुआ था। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी जानकारी वन विभाग और अग्निशमन विभाग को दी गई। संयुक्त रूप से किए गए रेस्क्यू के बाद बारहसिंगा को सुरक्षित निकाल दिया गया है।

## न्याय दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे सुक्खू : संजय

**शिमला:** प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष एवं मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने पालमपुर की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी इस घटना का कोई राजनैतिक लाभ नही ले सकती। उन्होंने कहा है कि यह घटना बहुत ही दुखदाई है। अवस्थी ने कहा कि पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है और उसे कानून के तहत कठोर सजा दी जाएगी। इस घटना को प्रदेश की कानून व्यवस्था के साथ जोड़ कर कदापि नही देखा जाना चाहिए, जैसा कि भाजपा के नेता जगह–जगह अपनी चुनावी जनसभाओं में इस घटना के बाद प्रदेश में कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहें हैं। अवस्थी ने कहा है कि सरकार पीड़ित महिला व उनके परिवार के साथ खड़ी है और उसे पूरा न्याय दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पीड़ित परिवार से मिल कर घायल युवती के स्वास्थ्य उपचार का पूरा खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन करने की पहले ही घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसी घटनाएं बहुत ही दुखदाई होती है पर ऐसी किसी भी घटना पर कोई राजनीति नही होनी चाहिए।

## अमेरिका में 3 लोगों पर वीजा प्रतिबंध

**वाशिंगटन:** अमेरिका स्पाइवेयर के वाणिज्यिक स्पाइवेयर के दुरुपयोग और प्रसार को रोकने के लिए इसके विकास अथवा बिक्री से जुड़े 13 व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाने के लिए कदम उठायेगा। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि वाणिज्यिक स्पाइवेयर के चल रहे प्रसार और दुरुपयोग से निपटने के प्रयासों के तहत उन 13 व्यक्तियों पर वीजा प्रतिबंध लगाने की दिशा में कदम उठा रहा है जो वाणिज्यिक स्पाइवेयर के विकास और बिक्री में शामिल रहे हैं। बयान के अनुसार 13 व्यक्तियों जिनपर वीजा प्रतिबंध लगाया जाएगा उन्हें वाणिज्यिक स्पाइवेयर के दुरुपयोग से वित्तीय लाभ हुआ है। इनमें पत्रकार, शिक्षाविद, मानवाधिकार कार्यकर्ता तथा अमेरिकी सरकार के अधिकारी कर्मचारी भी शामिल हैं।

# वर्ष 1977 में बीएलडी के जीते दो राजनेता बने मुख्यमंत्री

## बिहार में हुए लोकसभा चुनाव में बीएलडी के प्रत्याशी लालू प्रसाद यादव और सत्येंद्र नारायण सिंह जीते और मुख्यमंत्री बने

● पटना एजेंसी।

**लालू प्रसाद ने पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ा और पहली बार में ही उन्होंने कामयाबी हासिल कर ली। इसके बाद यादव ने छपरा सीट से दूसरी बार जनता दल के टिकट पर वर्ष 1989 में चुनाव जीता। यादव वर्ष 1990 में पहली बार और वर्ष 1995 में दूसरी बार बिहार के मुख्यमंत्री बने।**

**बिहार** में वर्ष 1977 में हुये लोकसभा चुनाव में भारतीय लोकदल (बीएलडी) के टिकट पर जीते दो राजनेता को मुख्यमंत्री बनने का भी सौभाग्य मिला।

वर्ष 1974 में भारत के बड़े किसान नेता और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने भारतीय लोक दल नाम से अपनी पार्टी बनाई थी, तब इसका चुनाव निशान 'हलधर किसान' था। आपातकाल के बाद 1977 में इंदिरा गांधी का मुकाबला करने के लिए कई नेताओं ने अपनी-अपनी पार्टियों का विलय कराकर जनता पार्टी बनायी। जनता पार्टी को चुनाव चिन्ह नहीं मिल पाया था, जिसकी वजह से पार्टी ने 'भारतीय लोक दल' के चिन्ह हलधर किसान पर चुनाव लड़ा। जनता पार्टी की लहर में बिहार की 54 सीट में (बीएलडी) को 52 सीट मिली। इनमें से दो सीटों पर जीते सांसद बाद में बिहार के मुख्यमंत्री पद पर काबिज हुये। इनमें लालू प्रसाद यादव और सत्येन्द्र नारायण सिंह शामिल हैं। बीएलडी के टिकट पर लालू प्रसाद यादव ने छपरा संसदीय सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी रामशेखर प्रसाद सिंह को पराजित किया। लालू प्रसाद ने पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ा और पहली बार में ही उन्होंने कामयाबी हासिल कर ली। इसके बाद श्री यादव ने छपरा सीट से दूसरी बार जनता दल के टिकट पर वर्ष 1989 में चुनाव जीता। श्री यादव वर्ष 1990 में पहली बार और वर्ष 1995 में दूसरी बार बिहार के मुख्यमंत्री बने। मुख्यमंत्री बनने के बाद श्री यादव वर्ष 2004 और वर्ष 2009 में भी सासंद बने। इसी तरह सत्येन्द्र नारायण सिंह ने औरंगाबाद सीट से बीएलडी के बैनर तले चुनाव लड़ा और उन्होंने कांग्रेस के रामस्वरूप यादव को पराजित किया। हालांकि इससे पूर्व सिंह ने वर्ष 1952, में हुये पहले आम चुनाव में गया (पश्चिम) लोकसभा सीट, वर्ष 1957 और वर्ष 1971 में औरंगाबाद से जीत हासिल की। वर्ष 1977 के बाद सिंह वर्ष 1980 और वर्ष 1984 में भी सांसद बने।'छोटे साहब' के नाम से मशहूर सत्येंद्र नारायण सिंह 11 मार्च 1989 से 06 दिसंबर 1989 तक बिहार के मुख्यमंत्री भी रहे। बीएलडी के बैनर तले वर्ष 1977 में जननायक के रूप में मशहूर बिहार के समाजवादी नेता बिहार के मुख्यमंत्री रहे भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर, महामाया प्रसाद सिन्हा और बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल ने भी चुनाव जीता है। हालांकि इन नेताओं ने बीएलडी से चुनाव जीतने से ही पूर्व बिहार के मुख्यमंत्री बन चुके थे। वर्ष 1977 के चुनाव में सामाजिक न्याय के पुरोधा कर्पूरी ठाकुर ने समस्तीपुर सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार यमुना प्रसाद मंडल को पराजित किया। कर्पूरी ठाकुर 22 दिसंबर 1970 से 02 जून 1971 तथा 24 जून 1977 से 21 अप्रैल 1979 तक मुख्यमंत्री रहे। वहीं महामाया प्रसाद सिन्हा ने पटना सीट से चुनाव लड़ा और भाकपा के राम अवतार शास्त्री को पराजित किया। बिहार के पहले गैर कांग्रेसी मुख्यमंत्री महामाया प्रसाद सिन्हा 05 मार्च 1967 से 28 जनवरी 1968 तक मुख्यमंत्री रहे। बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल ने मधेपुरा सीट से चुनाव लड़ा और कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र प्रसाद यादव को मात दी।

आईपीएल 2024

# दिल्ली में दिखेगा पिच का मिजाज




**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का 40वां मैच दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच 24 अप्रेल को दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। दिल्ली में इस आईपीएल सीजन का यह सिर्फ दूसरा मैच ही होगा। दिल्ली और गुजरात की गाड़ी इस आईपीएल सीजन में अब तक लगभग एक जैसी रही है। जहां गुजरात ने 8 में से 4 मुकाबले जीते हैं। वहीं दिल्ली ने 8 में से 3 जीते हैं। गुजरात अपना पिछला मैच जीतकर दिल्ली आ रही है जबकि डीसी को हैदराबाद ने पिछले मैच में 67 रन से हराया था। प्लेऑफ के लिहाज से दोनों टीमों के लिए यह एक अहम मैच होगा। देखने वाली बात है कि मैच में पिच का मिजाज कैसा रहने वाला है।

## दिल्ली और गुजरात की पिच रिपोर्ट

- दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम की पिच वैसे धीमा खेलती है। यहां पर स्पिनर्स को काफी मदद मिलती है। गेंद थोड़ा रुक कर बल्ले पर आती है। लेकिन इस सीजन दिल्ली में अभी एक ही मैच खेला गया और उस मैच में जमकर रन बने। सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 266 रन बना डाले थे। इसके जवाब में दिल्ली ने भी 199 रन बनाए थे। इस बार दिल्ली की पिच थोड़ी अलग लग रही है। दिल्ली और गुजरात का मुकाबला भी हाई स्कोरिंग हो सकता है। आईपीएल में अब तक दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में कुल 86 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 39 मैच तो दूसरी बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 46 मुकाबले जीते हैं। वहीं एक मुकाबले का कोई नतीजा नहीं निकला है। जो भी टीम टॉस जीतेगी वह पहले गेंदबाजी करने को देख सकती है।

## जीटी बनाम डीसी

- गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच अब तक आईपीएल में ज्यादा मुकाबले नहीं हुए हैं। केवल तीन बार इन दोनों का आमना सामना हुआ है। इसमें से एक मैच दिल्ली ने जीता है तो दो मैच गुजरात की टीम ने अपने नाम किए हैं। दोनों टीमें जब भी आमने सामने हुई हैं तो हाईस्कोरिंग मैच नहीं हुआ है। गुजरात ने दिल्ली के खिलाफ अपना सबसे बड़ा स्कोर 162 का बनाया है, वहीं दिल्ली ने गुजरात के खिलाफ सर्वाधिक स्कोर 171 रन का बनाने में कामयाबी हासिल की है।

## दिल्ली को हैदराबाद से मिली थी 67 रन से करारी हार

- दिल्ली में जो एक मैच इस साल के आईपीएल में हुआ है, उसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइसर्ज हैदराबाद की टीम ने 266 रन ठोक दिए थे। एसआरएच की टीम गजब ही खेल दिखा रही है। ट्रेविस हेड के अलावा शहबाज अहमद ने भी अर्धशतक लगाए थे। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की टीम 19.1 ओवर में केवल 199 रन ही बना सकी और 67 रन से मैच हार गई थी। देखना होगा कि अपने होम ग्राउंड पर दिल्ली की टीम कैसा प्रदर्शन करती है।

## ऋषभ पंत की कप्तानी पर सवाल

- ऋषभ पंत की कप्तानी पर इस सीजन में सवाल हैं। पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ टॉस जीतने के बावजूद उन्होंने पहले गेंदबाजी चुनी जबकि शाम को ओस की आशंका जताई गई थी। हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 266 रन कूट डाले थे। इसका पीछा करते हुए दिल्ली की टीम 199 रन पर ढेर हो गई थी। पंत का हैदराबाद की पारी का दूसरा ओवर ललित यादव को देना भी समझ से परे था। क्योंकि हैदराबाद ने पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए रिकॉर्ड 125 रन बनाए थे। पंत ने इस मैच में 35 गेंद में 44 रन जरूर बनाए। लेकिन, वो बिल्कुल लय में नहीं दिखे थे। दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाजी इस सीजन में बेहद कमजोर नजर आ रही। हैदराबाद के खिलाफ पहले ओवर में शॉर्ट पिच गेंदों का इस्तेमाल करने का खलील अहमद का फैसला टीम पर भारी पड़ा था। दिल्ली में बाउंड्री छोटी है। ऐसे में खलील को इससे बचना होगा। एनरिक नॉर्खिया बेरंग दिखे हैं।

## दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**दिल्ली कैपिटल्स:** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वार्नर, अभिषेक पोरेल, रिकी भुई, यश ढुल, शाई होप, पृथ्वी साव, ट्रिस्टन स्टब्स, कुमार कुशाग्र, स्वस्तिक चिकारा, इशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, रसिक डार, विक्की ओस्तवाल , एनरिक नोर्किया, मुकेश कुमार, कुलदीप यादव, प्रवीण दुबे, खलील अहमद, सुमित कुमार, अक्षर पटेल, ललित यादव, और जेक फ्रेजर-मैकगर्क।

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, रिद्धिमान साहा, साई सुदर्शन, शाहरुख खान, मैथ्यू वेड, केन विलियमसन, अजमतुल्लाह उमरजई, अभिनव मनोहर, राशिद खान, विजय शंकर, राहुल तेवतिया, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक त्यागी, जोशुआ लिटिल, दर्शन नालकंडे, नूर अहमद, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहित शर्मा, जयंत यादव, उमेश यादव, सुशांत मिश्रा, संदीप वारियर, शरत बीआर और मानव सुतार।

# टी20 विश्व कप खेलने पर सुनील नरेन ने लिया फैसला

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के गेंदबाजी ऑलराउंडर सुनील नरेन इंडियन प्रीमियर लीग में सबसे इन-फॉर्म खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरे हैं। नरेन की हरफनमौला फॉर्म के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी वापसी की मांग तेज हो गई और आगामी टी20 विश्व कप के लिए संन्यास से लौटने के भी चर्चे होने लगे। लेकिन वेस्टइंडीज ने यह कहते हुए वापसी की खबरों पर लगाम लगा दी कि 'वह दरवाजा अब बंद हो गया है'। सोशल मीडिया पर एक बयान में नरेन ने टी20 विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज लौटने की संभावना से इनकार करते हुए कहा कि जो लोग लगातार राष्ट्रीय टीम के लिए खेले हैं, वे उनके स्थान पर चुने जाने के हकदार हैं। नरेन ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि यह संदेश आप सभी को ठीक और सही में मिलेगा। मैं वास्तव में खुश हूं और आभारी हूं कि हाल ही में मेरे प्रदर्शन ने कई लोगों को सार्वजनिक रूप से मेरी सेवानिवृत्ति से बाहर आने और आगामी टी20 विश्व कप में खेलने की इच्छा व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया है।' नरेन ने कहा, 'मैंने उस निर्णय पर शांति बना ली है और हालांकि मैं कभी निराश नहीं होना चाहता, वह दरवाजा अब बंद हो गया है और मैं उन लोगों का समर्थन करूंगा जो जून में वेस्टइंडीज के लिए मैदान में उतरेंगे। जिन लोगों ने पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है और वे इसके हकदार हैं अपने अद्भुत प्रशंसकों को दिखाने के लिए कि वे एक और खिताब जीतने में सक्षम हैं।



कहा- मैं वास्तव में खुश हूं और आभारी हूं

# ब्रेट ली ने जमकर की संदीप शर्मा की तारीफ

## पांच विकेट लेना 120 रनों की पारी के बराबर

**नई दिल्ली।** मेजबान राजस्थान रॉयल्स ने 22 अप्रेल (सोमवार) को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई इंडियंस को नौ विकेट से हराया और इसके साथ ही आईपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पोजिशन और स्ट्रॉन्ग कर ली। राजस्थान रॉयल्स के लिए प्लेऑफ का रास्ता लगभग साफ हो चुका है और एक और मैच जीतते ही टीम का प्लेऑफ का टिकट पक्का हो जाएगा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने पांच विकेट चटकाए और मैन ऑफ द मैच चुने गए। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने संदीप शर्मा की जमकर तारीफ की है। पहले बल्लेबाजी करते हुए, मुंबई इंडियंस ने कुल 179 रन बनाए, जिसे राजस्थान रॉयल्स ने आठ गेंद शेष रहते हासिल कर टूर्नामेंट में अपनी सातवीं जीत दर्ज की।



ब्रेट ली और माइक हेसन ने मैच सेंटर लाइव पर यशस्वी जायसवाल (नॉटआउट104 रन), संदीप शर्मा (5/18) और युजवेंद्र चहल (1/48) के प्रदर्शन की जमकर तारीफ की। ब्रेट ली ने राजस्थान के गेंदबाज संदीप शर्मा के बारे में कहा, 'वो कहते हैं कि टी20 में 4 विकेट लेना 100 रन बनाने के बराबर होते हैं, इसलिए गेंदबाज के लिए पांच विकेट लेना निश्चित रूप से बल्लेबाज द्वारा बनाए गए 120 रनों के बराबर होते हैं। यह बेहतरीन गेंदबाजी है... अपने चोट से वापसी करते हुए एक मैच में 18 रन देकर 5 विकेट लेने से आपको ऐसा महसूस होता है कि आप फिर से टीम का हिस्सा हैं। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आप आईपीएल 2024 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़ों की सूची में देख सकते हैं और वह इस में काफी हद तक शामिल हैं।'

# चमारी आईसीसी रैंकिंग में नंबर-वन



**नई दिल्ली।** हाल ही में श्रीलंका और साउथ अफ्रीका की महिला टीमों के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली गई थी। इस सीरीज के आखिरी मैच में श्रीलंका की टीम ने इतिहास रचते हुए महिला वनडे इतिहास का सबसे सफल रन चेज किया था। इस मैच में श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू ने मैच विनिंग पारी खेली थी। 34 साल की चमारी अटापट्टू ने इस मुकाबले में 139 गेंदों पर नाबाद 195 रन बनाए थे। इस पारी का इनाम उन्हें ताजा आईसीसी रैंकिंग में मिला है। आईसीसी ने महिलाओं की ताजा वनडे रैंकिंग जारी कर दी है। श्रीलंका की स्टार बल्लेबाज चमारी अट्टापट्टू ने नेटली साइवर-ब्रंट को पछाड़कर आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर-1 का ताज हासिल कर लिया है। चमारी अट्टापट्टू ने महिलाओं की बल्लेबाजी रैंकिंग में अपनी अब तक की सर्वोच्च रेटिंग (773) हासिल की है। वहीं, उन्होंने ऑलराउंडर रैंकिंग में भी दो स्थान की छलांग लगाकर नौवें स्थान के साथ टॉप 10 में एंट्री कर ली है।

साउथ अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट को ताजा रैंकिंग में फायदा हुआ है। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में बैक-टू-बैक शतकों के साथ चमक बिखेरी थी। वह अब बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। दूसरी ओर वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज को पाकिस्तान में 140* और 44 रन की पारियों से फायदा हुआ है और वह सात स्थान ऊपर चढ़कर बल्लेबाजी रैंकिंग में संयुक्त 11वें स्थान पर आ गई हैं। श्रीलंका ने पोटचेफस्ट्रूम के सेनवेस पार्क में खेले गए इस मैच में साउथ अफ्रीका की महिला टीम ने 50 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 301 रन बनाए थे।

# Lovlina Borgohain ने शेयर किया ओलंपिक का अनुभव



भारत की शीर्ष मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन अपने नैसर्गिक भार वर्ग में बदलाव और 75 किग्रा वर्ग में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने को लेकर आश्वस्त हैं। असम की इस खिलाड़ी ने तोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने के बाद चुनौतीपूर्ण समय का सामना किया क्योंकि वह विश्व चैम्पियनशिप और राष्ट्रमंडल खेलों से जल्दी बाहर हो गयी थी।

लवलीना पहले 69 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश करती थी लेकिन ओलंपिक से इस भार वर्ग को हटाने के बाद उन्होंने 75 किग्रा वर्ग में खेलना शुरू किया और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस भारतीय मुक्केबाज ने 2022 एशियाई चैंपियनशिप और 2023 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक के साथ-साथ पिछले साल एशियाई खेलों में रजत पदक जीता है।

लवलीना ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, '' वजन में बदलाव के बाद कुल मिलाकर मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा है। ओलंपिक वर्ग में विश्व चैम्पियनशिप जीतना बहुत बड़ी बात थी। मुझे पहले (69 किग्रा के लिए) वजन नियंत्रित करना पड़ता था लेकिन अब मैंने इस वजन से सामंजस्य बिठा लिया है। मैंने प्रतियोगिताओं में भाग लिया है और अच्छा प्रदर्शन किया है।''

लवलीना का वजन आमतौर पर 70 से 75 किग्रा के बीच रहता है ऐसे में उन्हें टूर्नामेंटों से पहले वजन घटाने के लिए अतिरिक्त मेहनत नहीं करनी पड़ती।

उन्होंने कहा, ''हां, प्रतिद्वंद्वी (75 किग्रा में) मजबूत हैं लेकिन मैं इस वर्ग में फिट बैठती हूं। मैं 69 किग्रा की तुलना में इस श्रेणी में अधिक सहज हूं क्योंकि मुझे खाने पर ज्यादा नियंत्रण नहीं करना पड़ता है। ऐसे में मेरी ऊर्जा का स्तर ऊंचा रहता है।

मैं मजबूत महसूस करती हूं और मैं बेहतर प्रशिक्षण लेने में सक्षम हूं। मैं ताकत और कंडीशनिंग के साथ अपनी मांसपेशियों को मजबूत करने पर ध्यान देती हूं।''

लंदन ओलंपिक खेलों (2012) में महिला मुक्केबाजी को शामिल किए जाने के बाद से 75 किग्रा वर्ग लगातार ओलंपिक खेलों का हिस्सा है। 26 साल की इस खिलाड़ी के लिए पेरिस के लिए स्थिति चुनौतीपूर्ण होगी क्योंकि उनका सामना ऐसे मुक्केबाजों से होगा जो पहले से ही इस वर्ग में खेलती रही है। लवलीना ने कहा, ''इसमें कोई संदेह नहीं कि 75 किग्रा वर्ग चुनौतीपूर्ण है क्योंकि यह हमेशा से एक ओलंपिक वर्ग रहा है। 69 किग्रा नया था लेकिन 75 किग्रा वर्षों से है। ऐसे में इसमें पहले से अनुभवी मुक्केबाज प्रतिस्पर्धा करते हैं।'' उन्होंने कहा, '' यह एक चुनौती है। लेकिन मैं आश्वस्त हूं क्योंकि मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा है और मैं 75 किग्रा में सहज महसूस करती हूं।

**लवलीना बोरगोहेन अपने नैसर्गिक भार वर्ग में बदलाव और 75 किग्रा वर्ग में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने को लेकर आश्वस्त हैं। असम की इस खिलाड़ी ने तोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने के बाद चुनौतीपूर्ण समय का सामना किया क्योंकि वह विश्व चैम्पियनशिप और राष्ट्रमंडल खेलों से जल्दी बाहर हो गयी थी।**

बालाजी कन्सट्रक्शन कम्पनी



शॉप नं0 14, ओम कॉम्प्लेक्स, नया बॉस, सेक्टर–15, नोएडा (गौतमबुद्धनगर)

फोन– 0120– 2321857
मो0– 9811082962

# हनुमानजी के 4 चमत्कार, आप भी नहीं जानते होंगे

**हनुमानजी चारों युग में विद्यमान रहे हैं और आज भी वे धरती पर हैं। यही सबसे बड़ा चमत्कार है। उन्होंने अपनी उपस्थिति को समय समय पर दर्शाया है। कलयुग में उन्होंने तुलसीदासजी, रामदास, नीम करोली बाबा आदि कई साधु संतों को दर्शन देकर यह बताया है कि मैं आज भी धरती पर हूं। तो चलिए जान लेते हैं उनके 4 खास चमत्कार।**

हनुमानजी चारों युग में विद्यमान रहे हैं और आज भी वे धरती पर हैं। यही सबसे बड़ा चमत्कार है। उन्होंने अपनी उपस्थिति को समय समय पर दर्शाया है। कलयुग में उन्होंने तुलसीदासजी, रामदास, नीम करोली बाबा आदि कई साधु संतों को दर्शन देकर यह बताया है कि मैं आज भी धरती पर हूं। तो चलिए जान लेते हैं उनके 4 खास चमत्कार।

## पहला चमत्कार

भगवान श्रीकृष्ण की 8 पत्नियां थीं- रुक्मणि, जाम्बवंती, सत्यभामा, कालिंदी, मित्रबिंदा, सत्या, भद्रा और लक्ष्मणा। इसमें से सत्यभामा को अपनी सुंदरता और महारानी होने का घमंड हो चला था तो दूसरी ओर सुदर्शन चक्र खुद को सबसे शक्तिशाली समझता था और विष्णु वाहन गरूड़ को भी अपने सबसे तेज उड़ान भरने का घमंड था। श्रीकृष्ण ने गरुड़ देव को हनुमानजी को बुलाने के लिए कहां जो द्वारिका से हजारों किलोमीटर दूर गंधमादन पर्वत पर विराजमान थे। गुरुड़ ने तक्षण ही वहां पहुंचकर हनुमानजी से अपने साथ पीठ पर बैठकर चलने के लिए कहा, लेकिन हनुमानजी ने कहा कि तुम चलो मैं आता हूं। गुरुड़ देव ने कहा कि तुम वहां उतनी जल्दी नहीं पहुंच सकते जितनी जल्दी मैं पहुंच सकता हूं। हनुमानजी ने कहा देखते हैं, तुम चलो मैं आता हूं।

हनुमानजी अपनी शक्ति से गरुड़जी से पहले द्वारिका के द्वार पर पहुंच जाते हैं। वहां सुदर्शन चक्र उन्हें रोककर कहता है कि सुनो वानर तुम मेरी आज्ञा के बगैर अंदर नहीं जा सकते। हनुमानजी सुदर्शन चक्र में पकड़कर अपनी कांख में दबा लेते हैं और अंदर चले जाते हैं। वहां पर एक झुले में श्रीकृष्ण और सत्यभामा झुल रहे होते हैं तो हनुमानजी श्रीकृष्ण को देखकर उनके चरण छूकर बोलते हैं प्रभु आप यहां पर अकेले इस दासी के साथ? यह सुनकर सत्यभामा सोच में पड़ जाती है। तब हनुमानजी श्रीकृष्ण से पूछते हैं- प्रभु मां सीता कहां है जो इस जगत में सबसे सुंदर और मातृतुल्य है? यह सुनकर श्रीकृष्ण मुस्कुराते हैं और सत्यभामा के चेहरे की ओर देखते हैं। तभी गरुड़जी आते हैं और हनुमानजी को अपने से पहले पहुंचा हुआ देखकर चौंक जाते हैं। इस तरह हनुमानजी के माध्यम से श्रीकृष्ण तीनों का घमंड तोड़ देते हैं।




## दूसरा चमत्कार

बार वनवास काल में द्रौपदी को एक सहस्त्रदल कमल दिखाई दिया। उसने उसे ले लिया और भीम से उसी प्रकार का एक और कमल लाने को कहा। भीम कमल लेने चल पड़े। आगे जाने पर भीम को गंधमादन पर्वत की चोटी पर एक विशाल केले का वन मिला जिसमें वे घुस गए। इसी वन में हनुमानजी रहते थे। उन्हें भीम के आने का पता लगा तो उन्होंने सोचा कि अब आगे स्वर्ग के मार्ग में जाना भीम के लिए हानिकारक होगा। वे भीम के रास्ते में लेट गए। भीमसेन ने वहां पहुंचकर हनुमान से मार्ग देने के लिए कहा तो वे बोले- 'यहां से आगे यह पर्वत मनुष्यों के लिए अगम्य है अतः यहीं से लौट जाओ।'

भीम ने कहा- 'मैं मरूं या बचूं, तुम्हें क्या? तुम जरा उठकर मुझे रास्ता दे दो।' हनुमान बोले- रोग से पीड़ति होने के कारण उठ नहीं सकता, तुम मुझे लांघकर चले जाओ। भीम बोले- परमात्मा सभी प्राणियों की देह में है, किसी को लांघकर उसका अपमान नहीं करना चाहिए। तब हनुमान बोले- तो तुम मेरी पूंछ पकड़कर हटा दो और निकल जाओ। भीम ने हनुमान की पूंछ पकड़कर जोरों से खींची, किंतु वह नहीं हिली। भीम का मुंह लज्जा से झुक गया। उन्होंने क्षमा मांगी और परिचय पूछा। तब हनुमान ने अपना परिचय दिया और वरदान दिया कि महाभारत युद्ध के समय मैं तुम लोगों की सहायता करूंगा। वस्तुत: विनम्रता ही शक्ति को पूजनीय बनाती है इसलिए अपनी शक्ति पर अहंकार न कर उसका सत्कार्यों में उपयोग कर समाज में आदरणीय बनें।

## तीसरा चमत्कार

आनंद रामायण में वर्णन है कि अर्जुन के रथ पर हनुमान के विराजित होने के पीछे भी कारण है। एक बार किसी रामेश्वरम तीर्थ में अर्जुन का हनुमानजी से मिलन हो जाता है। इस पहली मुलाकात में हनुमानजी से अर्जुन ने कहा- अरे राम और रावण के युद्ध के समय तो आप थे?

हनुमानजी- हां, तभी अर्जुन ने कहा- आपके स्वामी श्रीराम तो बड़े ही श्रेष्ठ



धनुषधारी थे तो फिर उन्होंने समुद्र पार जाने के लिए पत्थरों का सेतु बनवाने की क्या आवश्यकता थी? यदि मैं वहां उपस्थित होता तो समुद्र पर बाणों का सेतु बना देता जिस पर चढ़कर आपका पूरा वानर दल समुद्र पार कर लेता।

इस पर हनुमानजी ने कहा- असंभव, बाणों का सेतु वहां पर कोई काम नहीं कर पाता। हमारा यदि एक भी वानर चढ़ता तो बाणों का सेतु छिन्न-भिन्न हो जाता।

अर्जुन ने कहा- नहीं, देखो ये सामने सरोवर है। मैं उस पर बाणों का एक सेतु बनाता हूं। आप इस पर चढ़कर सरोवर को आसानी से पार कर लेंगे।

हनुमानजी ने कहा- असंभव।

तब अर्जुन ने कहा- यदि आपके चलने से सेतु टूट जाएगा तो मैं अग्नि में प्रवेश कर जाऊंगा और यदि नहीं टूटता है तो आपको अग्नि में प्रवेश करना पड़ेगा।

हनुमानजी ने कहा- मुझे स्वीकार है। मेरे दो चरण ही इसने झेल लिए तो मैं हार स्वीकार कर लूंगा।

तब अर्जुन ने अपने प्रचंड बाणों से सेतु तैयार कर दिया। जब तक सेतु बनकर तैयार नहीं हुआ, तब तक तो हनुमान अपने लघु रूप में ही रहे, लेकिन जैसे ही सेतु तैयार हुआ हनुमान ने विराट रूप धारण कर लिया।

हनुमान राम का स्मरण करते हुए उस बाणों के सेतु पर चढ़ गए। पहला पग रखते ही सेतु सारा का सारा डगमगाने लगा, दूसरा पैर रखते ही चरमराया और तीसरा पैर रखते ही सरोवर के जल में खून ही खून हो गया।

तभी श्रीहनुमानजी सेतु से नीचे उतर आए और अर्जुन से कहा कि अग्नि तैयार करो। अग्नि प्रज ?वलित हुई और जैसे ही हनुमान अग्नि में कूदने चले, वैसे भगवान श्रीकृष्ण प्रकट हो गए और बोले ठहरो! तभी अर्जुन और हनुमान ने उन्हें प्रणाम किया।

भगवान ने सारा प्रसंग जानने के बाद कहा- हे हनुमान, आपका तीसरा पग सेतु पर पड़ा, उस समय मैं कछुआ बनकर सेतु के नीचे लेटा हुआ था। आपकी शक्ति से आपके पैर रखते ही मेरे कछुआ रूप से रक्त निकल गया। यह सेतु टूट तो पहले ही पग में जाता यदि में कछुआ रूप में नहीं होता तो।

यह सुनकर हनुमान को काफी कष्ट हुआ और उन्होंने क्षमा मांगी। मैं तो बड़ा अपराधी निकला, जो आपकी पीठ पर मैंने पैर रख दिया। मेरा ये अपराध कैसे दूर होगा भगवन् तब कृष्ण ने कहा, ये सब मेरी इच्छा से हुआ है। आप मन खिन्न मत करो और मेरी इच्छा है कि तुम अर्जुन के रथ की ध्वजा पर स्थान ग्रहण करो। इसलिए द्वापर में श्रीहनुमान महाभारत के युद्ध में अर्जुन के रथ के ऊपर ध्वजा लिए बैठे रहते हैं।

## चौथा चमत्कार

ओड़िसा में सप्तपुरियों में से एक है पुरी जहां पर प्रभु जगन्नाथ का विश्व प्रसिद्ध मंदिर है। इसे चार धामों में एक माना जाता है। इस मंदिर को राजा इंद्रद्युम्न ने हनुमानजी की प्रेरणा से बनवाया था। कहते हैं कि इस मंदिर की रक्षा का दायित्व प्रभु जगन्नाथ ने श्री हनुमानजी को ही सौंप रखा है। यहां के कण कण में हनुमानजी का निवास है। हनुमानजी ने यहां कई तरह के चमत्कार बताए हैं। उन्हीं में से एक है समुद्र के पास स्थित मंदिर के भीतर समुद्र की आवाज को रोक देना। इस मंदिर के चारों द्वार के सामने रामदूत हनुमानजी की चौकी है अर्थात मंदिर है। परंतु मुख्य द्वार के सामने जो समुद्र है वहां पर बेड़ी हनुमानजी का वास है। यहां जगन्नाथपुरी में ही सागर तट पर बेदी हनुमान का प्राचीन एवं प्रसिद्ध मंदिर है। भक्त लोग बेड़ी में जकड़े हनुमानजी के दर्शन करने के लिए आते हैं।

एक बार नारदजी भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए पहुंचे तो उनका सामना हनुमानजी से हुआ। हनुमानजी ने कहा कि इस वक्त तो प्रभु विश्राम कर रहे हैं आपको इंतजार करना होगा। नारदजी द्वार के बाहर खड़े होकर इंतजार करने लगे। कुछ समय बाद उन्होंने मंदिर के द्वार के भीतर झांका तो प्रभु जगन्नाथ श्रीलक्ष्मी के साथ उदास बैठे थे। उन्होंने प्रभु से इसका कारण पूछा तो उन्होंने कहाकि यह समुद्र की आवाज हमें विश्राम कहां करने देती है।

नारदजी ने यह बात बाहर जाकर हनुमानजी को बताई। हनुमानजी ने क्रोधित होकर समुद्र से कहा कि तुम यहां से दूर हटकर अपनी आवाज रोक लो क्योंकि मेरे स्वामी तुम्हारे शोर के कारण विश्राम नहीं कर पात रहे हैं। यह सुनकर समुद्रदेव ने प्रकट होकर कहा कि हे महावीर हनुमान! यह आवाज रोकना मेरे बस में नहीं। जहां तक पवनवेग चलेगा यह आवाज वहां तक जाएगी। आपको इसके लिए अपने पिता पवनदेव से विनति करना चाहिए।

तब हनुमानजी ने अपने पिता पवदेव का आह्वान किया और उनसे कहा कि आप मंदिर की दिशा में ना बहें। इस पर पवनदेव ने कहा कि पुत्र यह संभव नहीं है परंतु तुम्हें एक उपाय बताता हूं कि तुम्हें मंदिर के आसपास ध्वनिरहित वायुकोशीय वृत या विवर्तन बनाना होगा। हनुमानजी समझ गए।

तब हनुमानजी ने अपनी शक्ति से खुद को दो भागों में विभाजित किया और फिर वे वायु से भी तेज गति से मंदिर के आसपास चक्कर लगाने लगे। इससे




वायु का ऐसा चक्र बना की समुद्र की ध्वनि मंदिर के भीतर ना जाकर मंदिर के आसपास ही घूमती रहती है और मंदिर में श्री जगन्नाथजी आराम से सोते रहते हैं। यही कारण है कि तभी से मंदिर के सिंहद्वार में पहला कदम प्रवेश करने पर ही (मंदिर के अंदर से) आप सागर द्वारा निर्मित किसी भी ध्वनि को नहीं सुन सकते। आप (मंदिर के बाहर से) एक ही कदम को पार करें, तब आप इसे सुन सकते हैं। इसे शाम को स्पष्ट रूप से अनुभव किया जा सकता है। इसी तरह मंदिर के बाहर स्वर्ग द्वार है, जहां पर मोक्ष प्राप्ति के लिए शव जलाए जाते हैं लेकिन जब आप मंदिर से बाहर निकलेंगे तभी आपको लाशों के जलने की गंध महसूस होगी।

दूसरा यह कि इस कारण श्री जगन्नाथ मंदिर के ऊपर स्थापित लाल ध्वज सदैव हवा के विपरीत दिशा में लहराता है। यह भी आश्चर्य है कि प्रतिदिन सायंकाल मंदिर के ऊपर स्थापित ध्वज को मानव द्वारा उल्टा चक्कर बदला जाता है। ध्वज भी इतना भव्य है कि जब यह लहराता है तो इसे सब देखते ही रह जाते हैं। ध्वज पर शिव का चंद्र बना हुआ है। जय हनुमान। जय श्रीराम।

# बहुउपयोगी हैं भगवान महावीर स्वामी के 10 शुभ संदेश

**जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी हैं। भगवान महावीर का जीवन त्याग और तपस्या से ओतप्रोत है। उन्होंने पूरी दुनिया को सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया। उन्होंने अपने वचनों तथा शुभ संदेशों के द्वारा अहिंसा के उपदेश देकर पूरी दुनिया को लाभान्वित किया। आज के युग में भी उनके शुभ संदेश बहुत प्रासंगिक और बहुउपयोगी हैं।**


जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी हैं। भगवान महावीर का जीवन त्याग और तपस्या से ओतप्रोत है। उन्होंने पूरी दुनिया को सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया। उन्होंने अपने वचनों तथा शुभ संदेशों



के द्वारा अहिंसा के उपदेश देकर पूरी दुनिया को लाभान्वित किया। आज के युग में भी उनके शुभ संदेश बहुत प्रासंगिक और बहुउपयोगी हैं।

1. यदि सत्य बोलने से किसी को चोट पहुंचने अथवा किसी की मृत्यु होने की संभावना हो तो चुप रहना अधिक बेहतर है।
2. भगवान महावीर कहते हैं आप दूसरों के साथ वैसा ही व्यवहार करें जैसा आप अपने साथ चाहते हैं।
3. वे कहते हैं जिस प्रकार आप दुख पसंद नहीं करते, उसी तरह और लोग भी इसे पसंद नहीं करते। यह बात ध्यान में रखकर हमें उनके साथ वह सब नहीं करना चाहिए, जो हम अपने साथ उन्हें नहीं करने देना चाहते।
4. सभी प्राणियों से मेरी मैत्री है, सभी इसी रास्ते को अपनाएं और अहिंसा के मार्ग पर चले।
5. महावीर स्वामी के अनुसार जीवन में सभी प्रकार के व्यवहार में ईमानदार रहें, किसी को धोखा न दें।
6. ऐसा सत्य वचन बोलना चाहिए जो हित, मित और ग्राह्य हो अर्थात जो सुखद हो और दूसरों के लिए हानिकारक न हो।
7. सभी प्राणियों को जीवन प्रिय है, अत. %जियो और जीने दो% के रास्ते पर चले।
8. अपनी आवश्यकता से अधिक धन संचय न करें। आपका आवश्यकता से अधिक संग्रहित धन समाज के लिए है। अत. इसे समाज के कल्याण के लिए अर्पित करें।
9. किसी भी प्राणी को मारकर बनाई गई प्रसाधन सामग्री का उपयोग करने से उस व्यक्ति को भी उतना ही पाप लगता है, जितना किसी जीव को मारने वाले को।
10. अपनी आत्मा को पहचान लो। कमजोर वर्ग की सेवा करना हर मनुष्य का कर्तव्य है। यही मोक्ष प्राप्ति का मार्ग भी है।

# एक मंदिर ऐसा जहां हनुमानजी के साथ होती है उनकी पत्नी की पूजा




वैसे तो हमारे देश में हनुमानजी के अनेक प्रसिद्ध मंदिर हैं, लेकिन इनमें तेलंगाना के खम्मम में स्थित हनुमान मंदिर बहुत खास है। आमतौर पर हनुमानजी के मंदिर में या तो सिर्फ हनुमानजी की ही प्रतिमा होती है या इसके साथ राम दरबार की प्रतिमा दिखाई देती है। लेकिन तेलंगाना के खम्मम में स्थित हनुमान मंदिर में जो प्रतिमा है, उसमें हनुमानजी अपनी पत्नी के साथ नजर आते हैं। ये बात सुनने में भले ही अजीब लगे, लेकिन सच है। हनुमानजी की पत्नी का नाम सुवर्चला है, जो सूर्यदेव की पुत्री हैं। यहां सैकड़ों सालों से हनुमानजी की पूजा उनकी पत्नी सुवर्चला के साथ हो रही है।

प्राचीन समय में पाराशर नाम के एक तपस्वी ऋषि थे। उन्होंने पाराशर संहिता की रचना की। इस ग्रंथ में हनुमानजी के विवाह का प्रसंग है, उसके अनुसार जब हनुमानजी सूर्यदेव के पास शिक्षा पाने गए तो उन्होंने 9 विद्यायों में से 5 का ज्ञान तो उन्हें दे दिया लेकिन 4 विद्याओं का ज्ञान नहीं दिया और कहा कि ये ज्ञान सिर्फ विवाहित लोगों के लिए है।

कौन हैं हनुमानजी की पत्नी?

हनुमानजी सूर्यदेव से संपूर्ण ज्ञान पाना चाहते थे इसके लिए उन्होंने विवाह करने का निर्णय लिया। सूर्यदेव ने अपनी पुत्री सुवर्चला का विवाह प्रस्ताव हनुमान के सामने रखा, जिसे उन्होंने तुरंत मान लिया। सूर्यदेव ने हनुमानजी से कहा कि 'विवाह के सुवर्चला पुनः तपस्या में लीन हो जाएगी और आप भी ब्रह्मचारी ही रहेंगे।' इस तरह हनुमानजी का विवाह सुवर्चला से हुआ।

## वैशाख मास की शुरुआत आज से

# सूर्योदय से पूर्व तीर्थस्थान, सरोवर नदी में जाकर स्नान करना चाहिए

**वैशाख मास में यदि आप व्रत नहीं कर सकते हैं तो व्रत महात्म्य की कथा सुनना चाहिए। ऊं नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का रोजाना कम से कम 11 बार जप करना चाहिए। व्रती को एक समय भोजन करना चाहिए। वैशाख मास में जरूरतमंद लोगों को कम से कम साफ जल पिलाने की व्यवस्था जरूर करें। इस मास में प्याऊ की स्थापना करवानी चाहिए। पंखा, खरबूजा एवं अन्य फल, अन्न आदि का दान करना चाहिए।**

वैशाख मास की शुरुआत 24 अप्रैल बुधवार से हो रही है। बुधवार को वैशाख कृष्ण पक्ष का पहला दिन है। धार्मिक रूप से वैशाख मास का महत्व शास्त्रों में बहुत ही खास बताया गया है। स्कंदपुराण में वैशाख मास को सभी मासों में उत्तम बताया गया है। वैशाख मास के बारे में ऐसी मान्यता है कि इसमें जो व्यक्ति सूर्योदय से पहले स्नान करता है तथा व्रत रखता है, वह भगवान विष्णु की कृपा का पात्र बनता है। स्कंदपुराण में बताया गया है कि इस महीने में महीरथ नामक राजा ने वैशाख स्नान से ही बैकुंठधाम की प्राप्ति कर ली थी। इसमें व्रती को प्रतिदिन प्रात:काल सूर्योदय से पूर्व किसी तीर्थस्थान, सरोवर, नदी या कुएं पर जाकर स्नान करना चाहिए।



यदि ऐसा संभव न हो पाए तो घर में ही नहाने के पानी में गंगाजल डालकर स्नान करें और पुण्य प्राप्त हो जाएगा। आइए आपको बताते हैं कि इस महीने में किन नियमों का पालन करना चाहिए। जानिए क्या करें और क्या नहीं। वैशाख मास में यदि आप व्रत नहीं कर सकते हैं तो व्रत महात्म्य की कथा सुनना चाहिए। ऊं नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का रोजाना कम से कम 11 बार जप करना चाहिए। व्रती को एक समय भोजन करना चाहिए। वैशाख मास में जरूरतमंद लोगों को कम से कम साफ जल पिलाने की व्यवस्था जरूर करें। इस मास में प्याऊ की स्थापना करवानी चाहिए। पंखा, खरबूजा एवं अन्य फल, अन्न आदि का दान करना चाहिए।

स्कंदपुराण के अनुसार इस मास में तेल लगाना, दिन में सोना, कांसे के बर्तन में भोजन करना और दिन में दो बार भोजन करना वर्जित माना गया है। हो सके तो आप भी एक वक्त का भोजन त्याग दें और इन दिनों में जमीन पर सोना चाहिए। वैशाख मास के देवता भगवान मधुसूदन हैं यानी कि भगवान कृष्ण माने जाते हैं। इसलिए इस महीने में लहसुन प्याज का त्याग करना चाहिए तली भुनी चीजें भी नहीं खानी चाहिए। आप चाहें तो इस महीने में बेल खा सकते हैं।

# बेवजह जूम करते पपराजी : नोरा

बॉलीवुड इंडस्ट्री में पपराजी के साथ तालमेल बिठाना स्टार्स की जरूरत और मजबूरी दोनों बन चुका है। कई बार कलाकार फोटोग्राफर्स के रवैये से परेशान हो जाते हैं लेकिन मैनेज करना पड़ता है। कई बार कुछ एक्टर्स पैप्स पर गुस्सा करते भी नजर आए हैं। फीमेल एक्टर्स को किसी खास तरह का पोज देने के लिए निर्देश देना और उनके बॉडी पार्ट्स पर जूम करना भी एक अलग तरह की समस्या है। मृणाल ठाकुर, पलक तिवारी और तापसी पन्नू कई बार पपराजी को लताड़ती नजर आई हैं। इस बीच अक्सर बोल्ड अंदाज में नजर आने वालीं नोरा फतेही पैप कल्चर पर खामोश रहीं। अब एक इंटरव्यू में नोरा फतेही ने कहा, "मुझे लगता है कि उन्होंने इससे पहले ऐसा हिप्स नहीं देखे हैं। लगता तो ऐसा ही है। मीडिया ऐसा सिर्फ मेरे साथ नहीं बल्कि दूसरी फीमेल एक्टर्स के साथ भी करती है। वो आपके हिप्स पर जूम नहीं करते क्योंकि शायद वो करना इतना एक्साइटिंग नहीं है, लेकिन वो बाकी प्राइवेट पार्ट्स पर बेवजह जूम करते हैं। कई बार मुझे लगता है कि यहां पर जूम करने की कोई खास वजह नहीं थी। फिर वो किस चीज पर फोकस कर रहे हैं?" नोरा फतेही ने कहा कि दुर्भाग्य से यही सब चीजें सोशल मीडिया पर ट्रेंड करती हैं। वो बस सोशल मीडिया एल्गोरिदम गेम खेल रहे हैं। मुझे ऊपर वाले ने एक खूबसूरत शरीर दिया है और मुझे इस पर फख्र है। मुझे इस पर शर्म महसूस नहीं होती। एक्ट्रेस ने कहा कि हो सकता है जूम करने के पीछा का उनका इरादा बुरा हो लेकिन वो एक अलग बहस है। मैं हर किसी का कॉलर पकड़कर उसे सबक नहीं सिखा सकती। लेकिन मैं उसी तरह चलती हूं जैसे मैं चलती हूं और मैं अपने शरीर को लेकर बहुत कम्फर्टेबल हूं। नोरा फतेही ने कहा, "मुझे लगता है कि खूबसूरती और बेरुखी दोनों देखने वालों की नजर में होती है। जिन लोगों के साथ मैं काम करती हूं उनमें से कई आकर मेरी कहानी की तारीफ करते हैं कि कैसे मैं ऊपर उठी और मैंने इंडस्ट्री और अपने ब्रांड्स को क्या दिया। हो सकता है कि कुछ लोगों को मेरे बारे में खास ना पता हो लेकिन उन्हें इसे समझने में वक्त लगेगा। लेकिन जिन लोगों के साथ मैंने काम किया है वो बहुत रिस्पेक्ट के साथ मुझसे मिले हैं। उन्होंने मेरी तारीफ की है और उन्होंने कहा है कि मैं अपने काम को लेकर गंभीर हूं।"




# ऋचा ने बांधे भंसाली की तारीफों के पुल

ऋचा चड्ढा ने संजय लीला भंसाली के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। इसे गहरा और कला के प्रति उनके आपसी प्रेम और हीरामंडी के लिए उनके साथ दोबारा जुड़ने पर आधारित बताया। अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने प्रसिद्ध फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली के साथ अपने गहरे रिश्ते के बारे में बात की। क्लासिक कला रूपों के लिए उनकी साझा सराहना और सिनेमा की दुनिया में उनकी यात्रा पर प्रकाश डाला। अपने अनूठे रिश्ते के बारे में बात करते हुए, ऋचा चड्ढा ने कहा, "संजय और मैं पुरानी आत्माओं के रूप में एक गहरा संबंध साझा करते हैं, जो संगीत से लेकर नृत्य और सिनेमाई शिल्प तक क्लासिक कला रूपों के लिए गहरा प्यार और सम्मान रखते हैं। उनका अनूठा स्टाइल, भव्य सेट और असाधारण गीत उनकी विशेषता है जो हमेशा मेरे साथ गूंजते रहे हैं।" अपने बड़े-से-बड़े सिनेमाई दृष्टिकोण के लिए प्रसिद्ध, संजय लीला भंसाली ने विस्तार और भव्यता पर सावधानीपूर्वक ध्यान देकर अविस्मरणीय फिल्म क्षणों को तैयार किया है। "गोलियों की रासलीला राम लीला" पर अपने पिछले सहयोग में, ऋचा चड्ढा ने कहानियों को भव्यता के साथ जीवंत करने की भंसाली की प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष अनुभव किया। आगामी वेब सीरीज "हीरामंडी" में उनका पुनर्मिलन कहानी कहने और दृश्य भव्यता के लिए उनके साझा जुनून को प्रदर्शित करने का वादा करता है।





# कांगुवा साल की सबसे बड़े बजट वाली फिल्म

स्टूडियो ग्रीन और सूर्या शिवकुमार की मच अवेटेड फिल्म 'कांगुवा' के टीजर को उनके द्वारा रिलीज किए जाने के बाद, सोशल मीडिया पर काफी हलचल देखने मिल रही है। 'कांगुवा' के टीजर ने अपनी कमाल की क्राफ्टमैनशिप, अनोखे विजन, थ्रिलिंग म्यूजिक और बेहतरीन एक्जिक्यूशन की वजह से सभी को उत्साहित कर दिया है। जब से इसका टीजर रिलीज हुआ है, लोग इसके बारे में बात करना बंद नहीं कर पा रहे हैं। 'कांगुवा' में सूर्या को शक्तिशाली योद्धा और बॉबी देओल को खलनायक के रूप में देखकर फैंस बेहद एक्साइटेड हैं। 'कांगुवा' सिर्फ अपनी कास्ट की वजह से ही नहीं, बल्कि इसलिए भी बेहद एक्साइटिंग है क्योंकि यह साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। कहा जाता है कि इसका बजट 350 करोड़ से ज़्यादा है, जो इसे इंडियन सिनेमा में एक बहुत बड़ा प्रोजेक्ट भी बनाता है। इसमें कोई शक नहीं है कि 'कांगुवा' अब तक की सबसे महंगी इंडियन फिल्म है। टीज़र, शानदार विजुअल और इंप्रेस करने वाले प्रोडक्शन के जरिए मेकर्स के डेडीकेशन को सामने रख रहा है।

# शाहरुख फिर निभा रहे डॉन का किरदार

शाहरुख खान अपनी बेटी सुहाना खान का करियर सेट करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। पहली फिल्म आर्चीज को मिले नेगेटिव रिव्यूज के बाद एक्टर ने खुद बेटी के साथ फिल्म करने का फैसला किया और अब दोनों फिल्म किंग में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म से जुड़ी बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म किंग में एक्टर को डॉन के किरदार में देखा जाएगा। उनका ये किरदार अनोखा और नया होगा जिसका फैंस इंतजार कर रहे थे। खास बात ये है कि एक्टर लंबे समय बाद एक बार फिर ग्रे शेड्स में नजर आने वाले हैं। शाहरुख खान बेटी सुहाना के साथ फिल्म किंग में ग्रे शेड्स में दिखेंगे। इस किरदार और फिल्म से जुड़े सभी पहलुओं पर एक्टर पठान के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद और सुजॉय घोष के साथ मिल कर काम कर रहे हैं। पहली बार बेटी के साथ बड़े पर्दे पर दिखने के लिए शाहरुख तैयार हैं। ऐसे में वो नहीं चाहते किसी भी कमी की वजह से उनकी बेटी सुहाना के करियर पर कोई बुरा असर पड़े। फिल्म किंग में शाहरुख खान एक गुरु के रूप में दिखेंगे और सुहाना उनकी शिष्या। दोनों के बीच कुछ एक्शन के इंटेंस सीन भी दिखाए जाएंगे। इस फिल्म के लिए शाहरुख खान ने अपना लुक भी पूरी तरह से बदल लिया है। एक्टर किंग में लंबे बालों वाले हेयरस्टाइल और छोटी दाढ़ी के साथ दिखेंगे। उनका ये ग्रे शेड्स वाला रोल इस लुक पर शानदार लगने वाला है।





# माधुरी से इनसिक्योर हो कर मनीषा ने रिजेक्ट कर दी थी फिल्म

संजय लीला भंसाली के डायरेक्शन में बनी हीरामंडी अगले हफ्ते नेटफ्लिक्स पर दस्तक देने वाली है। इस सीरीज में कोठेवाली मल्लिका जान बनी मनीषा कोइराला ने एक इंटरव्यू में माधुरी दीक्षित के स्टारडम से इनसिक्योर होने की बात स्वीकार की है। एक्ट्रेस ने अपने इंटरव्यू में बताया कि सिर्फ माधुरी इन्स्से डर की वजह से उन्होंने यश चोपड़ा की बड़ी फिल्म रिजेक्ट कर दी थी। इस फिल्म को रिजेक्ट करने का पछतावा आज भी उन्हें है। हालांकि, बाद में जब उन्होंने लज्जा में साथ काम किया तब वो असली माधुरी को समझ पाई। मनीषा कोइराला ने कहा 'मुझे अपने करियर में एक पछतावा यह है कि मैंने यश चोपड़ा की फिल्म नहीं की। मुझे माधुरी जी के खिलाफ खड़ा किया गया था और मैं डर गई थी। मैं उस प्रोजेक्ट से पीछे हट गई।' ये फिल्म यश चोपड़ा के डायरेक्शन में बनी फिल्म दिल तो पागल है थी। आगे एक्ट्रेस ने राजकुमार संतोषी की फिल्म लज्जा में माधुरी दीक्षित के साथ काम किया जहां उन्हें समझा आया कि एक्ट्रेस को लेकर उनकी चिढ़ और इनसिक्योरिटी गलत थी। इस बारे में एक्ट्रेस ने कहा 'माधुरी जी बहुत अच्छी इंसान और एक्ट्रेस हैं। मुझे इनसिक्योर होने की कोई जरूरत नहीं थी। मुझे लगता है कि जब आपके सामने एक मजबूत एक्टर होता है, तो आप अच्छी परफॉरमेंस ही देते हो। वह उम्र और अनुभव से आता है। मुझे उस फिल्म में माधुरी और रेखा के साथ काम करना भी अच्छा लगा।' बता दें, मनीषा कोइराला अब संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी में मल्लिका जान के किरदार में नजर आने वाली है। ये कहानी भारत पाकिस्तान बंटवारे से पहले लाहौर के रेड लाइट एरिया हीरामंडी की है। सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख और शरमं सहगल जैसी एक्ट्रेसेज नजर आने वाली हैं। 1 मई से ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर देखी जा सकेगी।

# The Diamond Bazaar
## का बनाया अब तक का सबसे बड़ा सेट



द डायमंड बाज़ार, अपनी घोषणा के बाद से ही दर्शकों को लुभा रही है। हाल ही में अनावरण किया गया ट्रेलर इस दुनिया की एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली झलक पेश करता है, जहां हर फ्रेम में नाटक, जुनून और साजिश प्रचुर मात्रा में है। एक फिल्म निर्माता के रूप में भंसाली की महारत हीरामंडी के साथ नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए तैयार है, जो प्रामाणिकता और स्वभाव के साथ भारतीय कहानियों को बयान करने की उनकी अनूठी प्रतिभा को प्रदर्शित करती है।

हाल ही में एक इंटरव्यू में संजय लीला भंसाली हीरामंडीः द डायमंड बाजार के बारे में दिलचस्प किस्से साझा करते नजर आए। उन्होंने कहा कि क्योंकि मैं हमेशा खोया रहना चाहता हूं। यह मेरे जीवन में बनाया गया सबसे बड़ा सेट है। क्योंकि यह वास्तव में है कि दीवारों को मैंने जो सोचा था उससे बहुत आगे बढ़ा दिया गया है। मैं एक बच्चे के रूप में इसे कभी भी आगे नहीं बढ़ा पाऊंगा। मैंने सोचा कि ऐसा है। इसलिए मुझे लगता है कि जैसे-जैसे मेरा फिल्म निर्माण आगे बढ़ रहा है, मैंने दूर-दूर तक दीवारें बनाने का आनंद लेना शुरू कर दिया है और मैं इसे कभी भी निर्देशित नहीं करना चाहता दर्शकों को वही मिलेगा जो वे देखना चाहते हैं। कई बार लोगों ने आलोचना की है कि हमारे पास देखने के लिए इतना कुछ है कि पहली बार हम दृश्य का सार भूल जाते हैं।

> द डायमंड बाज़ार, अपनी घोषणा के बाद से ही दर्शकों को लुभा रही है। हाल ही में अनावरण किया गया ट्रेलर इस दुनिया की एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली झलक पेश करता है, जहां हर फ्रेम में नाटक, जुनून और साजिश प्रचुर मात्रा में है।

द डायमंड बाज़ार में सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, संजीदा शेख और ऋचा चड्ढा मुख्य भूमिकाओं में हैं। वहीं फरदीन खान इस सीरीज से 14 साल बाद वापसी करते नजर आएंगे. हीरामंडी संजय लीला भंसाली की ओटीटी पर पहली फिल्म भी है। हीरामंडी स्वतंत्रता-पूर्व भारत की एक सम्मोहक तस्वीर पेश करती है, जिसमें कलाकारों को एक साथ लाया गया है। द डायमंड बाज़ार के निर्माताओं ने घोषणा की कि बहुप्रतीक्षित वेब श्रृंखला का प्रीमियर 1 मई को नेटफ्लिक्स पर होगा।




Fair & Lovely | ADVANCED MULTI VITAMIN™

निखार को धूप से बचाना है
तो अब सिर्फ़ दुपट्टा नहीं, फ़ेयर एंड लवली.

चेहरे के निखार को सुरक्षित रखने के लिए लड़कियां अक्सर चेहरे को दुपट्टे से ढक लेती हैं. लेकिन ऐसे नुस्खे घर तक ही चलते हैं, बाहर नहीं. इसीलिए अब से घरेलू नुस्खे हटाओ और फ़ेयर एंड लवली अपनाओ. इसका एडवांस्ड मल्टीविटामिन फ़ॉर्मूला आपकी त्वचा की गहराई में जा कर दाग़-धब्बे मिटाए और आपको दे बेहतरीन निखार.




4.5g+0.9g

*रचनात्मक चित्रण.





दादरी के बिसाहड़ा राणा संग्राम इंटर कॉलेज में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की जनसभा में मंचासीन भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया, नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, लोकसभा प्रभारी प्रवीण भाटी, राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष जनार्दन भाटी, भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री बिजेन्द्र नागर आदि। उधर राजनाथ सिंह को प्रभुी श्रीराम की मूर्ति भेंट करते भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा, सतेन्द्र सिसोदिया, मनोज गुप्ता तथा अन्य वरिष्ठ नेतागण।

# देश के सर्वांगीण विकास के लिए मोदी जरूरी : डा. महेश शर्मा

**दादरी ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर के दादरी विधानसभा के तिलपता गांव में भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा के समर्थन में दक्षिणी दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी ने वोट मांगे।



इस मौके पर रमेश बिधूड़ी ने कहा कि आपके क्षेत्र में जो अभूतपूर्व विकास कार्य हुए है वो प्रधानमंत्री के नेतृत्व में डा. महेश शर्मा की देन है और आगे भी आप ऐसे ही विकास कार्यो की उम्मीद रखते है तो आप डा. महेश शर्मा को भारी मतों से विजयी बनाए।

उन्होंने कहा कि गौतमबुद्धनगर का इंफ्रास्ट्रक्चर वैश्विक स्तर का है जिसमें मेट्रो रेल की कनेक्टिविटी, हाईवे फ्लाईओवर, औद्योगिक क्षेत्र, डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर, बिजली पानी की उपलब्धता शामिल है। जेवर हवाई अड्डा वही हवाई अड्डा है जिसे पुरानी सरकारों द्वारा कभी आगरा तो कभी सैफई ले जाने का प्रयास किया गया था। पिछले 10 वर्षो में गौतमबुद्ध नगर के विकास के लिए की गयी विभिन्न योजनाओं की एक लम्बी सूची है। जनसभा को डा. महेश शर्मा ने भी संबोधित किया।

डा. महेश शर्मा के समर्थन में रोड शो भी हुआ। रोडशो का कार्यक्रम रोषन लाल मित्तल की धर्मषाला दनकौर तिराहा से प्रारम्भ होते हुए सिकन्दराबाद के विजय द्वार –चौधरी वाडा –बड़ा बाजार–कबाडी बाजार पर समाप्त होगा इससें क्षेत्र के नागरिकों से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की।

इस मौके पर सतवीर गुर्जर, विरेन्द्र डाढा, रामदेव सिंह रावल, बिजेन्द्र भाटी, वेदपाल भाटी, श्रीचंद शर्मा, हरीश चन्द भाटी, योगेन्द्र चौधरी, बलराज भाटी समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डा. महेश शर्मा ने नोएडा को शिखर पर पहुंचाया : पंकज सिंह

**नोएडा ( चेतना मंच )।** वैश्य समाज, व्यवसायिक तथा औद्योगिक संगठनों की एक बैठक में भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा को भारी मतों से जिताने की अपील की गई। बैठक में सुनील गुप्ता (एनसीआर अध्यक्ष एवं चेयरमैन उप्र उद्योग व्यापार मंडल) के नेतृत्व में उनके आवास नोएडा में आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में पंकज सिंह, (विधायक नोएडा महानगर) गौतमबुद्धनगर, लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा (वर्तमान सांसद एवं पूर्व मंत्री भारत सरकार) के समर्थन हेतु विशेष रूप से सम्मिलित हुए।



इस अवसर पर विधायक पंकज सिंह द्वारा डॉ. महेश शर्मा एवं भाजपा के समर्थन में वोटिंग करने एवं बडे अन्तर से जिताने की अपील की। साथ ही उन्होनें भाजपा की डबल इंजन सरकार एवं डॉक्टर महेश शर्मा के पिछले 10 साल के कार्यकाल में हुई अनेकानेक उपलब्धियां के बारे में वहां उपस्थित सभी लोगों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल के कार्यकाल के अंतर्गत नोएडा में तरक्की हुई है, गुंडाराज खत्म हुआ है। नोएडा को ऊंचाई के एक शिखर पर लेकर जाने में महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए भाजपा एवं डॉ महेश शर्मा को अच्छे वोटों से जीता कर विजयी बनाएं!

व्यापार मंडल की तरफ से सुनील गुप्ता ने वहां उपस्थित सभी लोगों से निवेदन किया की पिछली सरकारों के मुकाबले भाजपा की सरकार एवं सांसद व विधायक के मार्गदर्शन में नोएडा में वाकई में तरक्की हुई है। गुंडाराज खत्म हुआ है। सभी लोग अपने साथ-साथ अपने परिवार एवं रिश्तेदारों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश बंसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रमाकांत गर्ग, मनोज गुप्ता संगठन महामंत्री, संरक्षक डी.पी. गोयल, डॉक्टर एसपी जैन, राधा कृष्ण गर्ग, डॉ डी.के. गुप्ता (फेलिक्स हॉस्पिटल) राजकुमार गर्ग एवरग्रीन, रविकांत मिश्रा, संजय गुप्ता (रामाज्ञा ग्रुप), मनोज गुप्ता एडवोकेट, नरेंद्र चोपड़ा, गोविंद अग्रवाल, राहुल भाटिया, सुरेंद्र गर्ग, सुनील पांडे, धर्मवीर बंसल, जेएस बेदी, विक्रम सेठी, सुनील वर्मा, अजय बटला, अनीता(अध्यक्ष RWA 36), रेनू बाला शर्मा दुर्गा शर्मा संतोष सिंह कुसुम पथरिया, मधु सिंह समेत उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारियों/ सदस्यों ने भाजपा एवं डॉ महेश शर्मा को अपना खुला समर्थन देते हुए शपथ ली कि वह भाजपा को रिकॉर्ड वोटों से जिताने की अपनी तरफ से पूरी कोशिश करेंगे।

# OYO कंपनी ने नोएडा के होटल से तोड़ा नाता, कंपनी उठायेगी कड़े कदम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ओयो कंपनी ने नोएडा के एक होटल से अपना नाता तोड़ लिया है। कंपनी ने दावा किया है कि जिन होटलों के साथ ओयो का नाम जुड़ा है उन होटलों में 'गंदा काम' अगर चलता है तो किया गया करार खत्म करके होटल के मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।



होटल में पकड़ा गया था सेक्स रैकेट

आपको बता दें कि नोएडा के सेक्टर-63 में बहलोलपुर स्थित शीतल होटल में नोएडा पुलिस ने एक सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया था। छापे के दौरान सेक्स रैकेट से जुड़े कई युवक व लड़कियों को पकड़ा गया था। शीतला होटल के साथ ओयो का नाम जुड़ा होने के कारण कंपनी ने अपने स्तर से भी जांच की थी। जांच में शीतला होटल में सेक्स रैकेट के जरिए मोटी कमाई के धंधों का खुलासा हुआ था। जिसके बाद ओयो कंपनी ने नोएडा के शीतला होटल के साथ अपने समझौते को खत्म कर दिया है।

अवैध गतिविधियों का अडडा नहीं बनने देंगे

ओयो कंपनी के उत्तर क्षेत्र के प्रमुख पावस कुमार ने बताया कि ओयो अपने होटल परिसर में किसी भी प्रकार की अवैध या अनैतिक गतिविधियों को जरा भी बर्दाश्त नहीं करेगा और जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करेंगे। श्री कुमार ने बताया कि नोएडा पुलिस के साथ मिलकर सुरक्षित अतिथ्यि व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही कंपनी ने पुलिस के साथ मिलकर नोएडा, लखनऊ, चंडीगढ जैसे शहरों में सेमिनार कर अतिथि उद्योग, कानून पर ओयो के होटल पार्टनरों को जागरूक किया है।

## प्रजापति समाज ने भाजपा को एकतरफा मतदान करने का लिया संकल्प

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र में प्रजापति समाज ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा को एकतरफा मतदान करने का निर्णय लिया है।



### 26 को कमल के फूल पर दबायें बटन : जयप्रकाश प्रजापति

भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष तथा पिछड़ा वर्ग आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त केंद्रीय मंत्री डॉ लोकेश प्रजापति के कैंप प्रभारी जयप्रकाश प्रजापति ने कहा कि राष्ट्र हित में तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना बहुत जरूरी है। इसलिए प्रजापति समाज ने निर्णय लिया कि समाज के सभी लोग एकतरफा भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में वोट देकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार जिताकर प्रधानमंत्री बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि समाज ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है कि पूर्व की तरह इस बार भी डॉक्टर महेश शर्मा को भारी मतों से जीत कर लोकसभा भेजेंगे। राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष तथा वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद प्रजापति ने कहा है कि प्रजापति समाज हमेशा से ही भारतीय जनता पार्टी के प्रति समर्पित रहा है।

इस बार भी समाज भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के पक्ष में वोट देकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाऐगा। उन्होंने कहा कि प्रजापति समाज ने भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा को पूर्ण बहुमत देने का निर्णय लिया है।




प्राचीन बाराही मेला

# 'हुई अयोध्या जग-मग चारों ही धाम के आने से, अभिलाषा पूरी हुई श्रीराम के आने से'

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** सूरजपुर में ऐतिहासिक प्राचीनकालीन बाराही मेला-2024 सरस्वती वंदना और आरती के साथ शुरू हो गया है। बाराही मेला के पहले दिन विशाल भजन संध्या में कलाकारों ने लोगों को एक से बढ कर एक भजनों की प्रस्तुति देते हुए भक्ति रस से सराबोर कर दिया।




धर्मवीर एंड पार्टी सूरजपुर, डा. हरवीर शर्मा, राजवीर शर्मा एंड पार्टी व ओमवीर बैंसला एंड पार्टी के कलाकारों ने बाबा मोहन राम, श्याम सांवरिया, अयोध्या धाम आदि प्रसंगों से एक से बढ कर एक भजन प्रस्तुत करते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। धर्मवीर भाटी और ओमवीर नागर की जोडी ने गुरू के समान नही, कोई भी महान नहीं..... और बाबा मैया पडी है पाछे...... भजनों की प्रस्तुति देते हुए श्रोताओं को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। नरेंद्र शर्मा ने **किस्मत बन जाए मेरी तेरे ही नाम से...** भजन प्रस्तुत किया। शिव मंदिर बाराही मेला समिति के महासचिव ओमवीर बैंसला ने अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर आधारित- **हुई अयोध्या जग मग चारों ही धाम के आने से, अभिलाषा पूरी हुई श्रीराम के आने से..** भजन प्रस्तुत करते हुए श्रोताओ की खूब वाहवाही लूटी। मास्टर राजपाल शर्मा ने- **तेरे दर पर आया श्याम रे, हे मैने छोड दिया घर बार..** भजन प्रस्तुत किया। बाल कलाकार सोहित शर्मा ने- **अरी वो तो ग्वालों की ओर रंग डाल गईयो सावरिंया...** भजन प्रस्तुत करते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। डा. हरवीर शर्मा और यादराम महाश्य आदि कलाकारों ने भी अलग अलग प्रंसगों से भजनों की प्रस्तुति दी। मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा ने बताया कि बाराही मेले में आज राजस्थान के लोक कलाकारों द्वारा लोक संस्कृति मंच पर गीत संगीत और नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। जब कि संस्कृति मंच से ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल सूरजपुर के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। रागनियों के रंगारंग कार्यक्रम में हरेंद्र नागर, दीपा चौधरी एंड पार्टी के कलाकारों में पिंकी शर्मा, डॉली शर्मा, कर्मवीर बैंसला, कशिश चौधरी, राहुल अवाना और गजेंद्र दौसा अपनी खास प्रस्तुतियां देंगे।